वर्ष- 21 अंक - 276 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, सोमवार 23 मार्च 2026

## लाल किला ब्लास्ट केस में छापेमारी

**श्रीनगर.एजेंसी।** दिल्ली के लालकिला इलाके में हुए ब्लास्ट के मामले में एनआईए ने आज कश्मीर के कई इलाकों में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। अंतिम समाचार मिलने तक यह छापेमारी जारी थी।

# जंग से हर तरफ हाहाकार
## शेयर बाजार, सोना-चांदी और रुपया सब गिरा

**सोमवार ● एजेंसी**

ईरान बनाम अमेरिका-इजराइल युद्ध आज 24वें दिन में प्रवेश कर चुका है। इस युद्ध के कारण जान-माल का भारी नुकसान हो चुका है और अभी भी यह युद्ध थमता नजर नहीं आ रहा। युद्ध के कारण भारत सहित दुनियाभर में गैस और तेल की आपूर्ति बुरी तरह चरमरा गई। इसका असर आज भी बाजार पर पड़ा। आज बाजार खुलते ही शेयर औंधे मुंह गिर गए जिसके कारण निवेशकों के 8 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गए। सोना-चांदी के साथ रुपया भी गिर गया। जापान, कोरिया से लेकर हांगकांग तक आज शेयर बाजार में कोहराम मचा। इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स ओपनिंग के साथ ही 1600 अंक से ज्यादा का गोता लगा गया, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी खुलते ही 450 अंक के आसपास बिखर गया।

सेंसेक्स अपने पिछले कारोबारी बंद 74,532.96 की तुलना में बुरी तरह टूटकर 73,732 पर ओपन हुआ। इसके कुछ ही मिनटों में ये गिरावट और भी तेज हो गई, जिसके चलते सेंसेक्स करीब 1600 अंक गिरकर 72,977 के लेवल पर आ गया। एनएसई का निफ्टी-50 भी खुलने के साथ ही धड़ाम हो गया। ये इंडेक्स अपने पिछले शुक्रवार के बंद 23,114 की तुलना में फिसलकर 22,824 पर ओपन हुआ था और फिर सेंसेक्स के कदम से कदम मिलाकर चलते हुए ये मिनटों में 480 अंक की भारी गिरावट के साथ 22,634 के लेवल पर आ गया।




### रुपया भी गिरा, सोना चांदी भी क्रैश

शेयर बाजार के अलावा आज सोना-चांदी के भाव में भी गिरावट आई और रुपया भी शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले ऑल-टाइम लो पर चला गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकन करेंसी के मुकाबले 0.1 फीसदी की गिरावट के साथ 93.89 पर आ गया। आज सोना के भाव में 8000 रुपए और चांदी में 15000 रुपए की गिरावट दर्ज की गई।

### जंग से अमेरिकी जनता परेशान

मिडिल ईस्ट में जंग लड़ रहा है अमेरिका लेकिन उसके अपने लोग इस जंग से खुश नहीं हैं। सीबीएस न्यूज और यूगोव ने मिलकर एक सर्वे किया और इसके नतीजे ट्रंप सरकार के लिए अच्छे नहीं हैं। 66 फीसदी अमेरिकियों का कहना है कि यह जंग जरूरी नहीं थी। यह एक 'चुनाव की जंग' है यानी बिना वजह छेड़ी गई लड़ाई। सिर्फ 34 फीसदी लोग मानते हैं कि यह जंग जरूरी थी और 57 फीसदी का कहना है कि जंग बुरी तरह चल रही है।

## बाजार खुलते ही स्वाहा हुए 8 लाख करोड़




## 24 दिन में 2500 मरे

ईरान-इजरायल जंग के 24वें दिन तक 2500 के करीब मौतें हो चुकी हैं, लेबनान में जमीनी लड़ाई और होर्मुज बंद होने से वैश्विक संकट गहराया है। ट्रंप की ओर से लगातार ईरान को होर्मुज का रास्ता खोलने की धमकी मिल रही है। वहीं, ईरान की ओर से इज़रायल पर हमले जारी हैं।

## एक टैंकर पार कराने का 18 करोड़ रुपए वसूल रहा है ईरान

जंग के बीच दुनिया के लिए सबसे जरूरी तेल रूट होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कई देशों में तेल-गैस पर महंगाई की मार पड़ी है। इस बीच कुछ जहाजों को सुरक्षित होर्मुज पार कराने के लिए ईरान जमकर वसूली करने में भी लगा है।एक विदेशी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एक ऑयल टैंकर का 20 लाख डॉलर (करीब 18 करोड़ रुपये से ज्यादा) चार्ज किया जा रहा है।

## कश्मीरी महिला ने ईरान को दी पति की 30 साल पुरानी आखिरी निशानी

**श्रीनगर ● एजेंसी**

ईरान में जारी युद्ध के बीच भारत से, खासकर कश्मीर से, इंसानियत और एकजुटता की मिसाल सामने आ रही है। आम लोग युद्ध से प्रभावित नागरिकों की मदद के लिए नकद, सोना और घरेलू सामान तक दान कर रहे हैं। एक कश्मीरी महिला ने अपने दिवंगत पति की याद के तौर पर करीब 30 साल से संभालकर रखा सोना ईरान युद्ध पीड़ितों के लिए दान कर दिया। ये सोना महिला के पति ने उसे बतौर गिफ्ट दिया था। बडगाम और अन्य शिया बहुल इलाकों में मस्जिदों के बाहर डोनेशन सेंटर बनाए गए हैं, जहां लोग ज्वेलरी, कैश, तांबे के बर्तन और यहां तक कि पशुओं तक का दान कर रहे हैं।

## भारतीय घरों में छिपा है 450 लाख करोड़ का सोना

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारतीयों का सोने के प्रति प्रेम जगजाहिर है। सोने की कीमतों में आई रिकॉर्ड तोड़ तेजी के कारण भारतीय घरों में रखे सोने का कुल मूल्य अब 5 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 450 लाख करोड़ रुपए) के पार निकल गया है। भारतीय घरों में रखे सोने की कीमत अब भारत की जीडीपी का लगभग 125 प्रश हो गई है। आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुट के अनुसार, 2025-26 के लिए भारत की नॉमिनल जीडीपी 4.125 ट्रिलियन डॉलर रहने का अनुमान लगाया गया है।

## दो पत्नी और 18 बच्चे वाले पूर्व प्रधान को प्रेमिका ने मार डाला

**प्रतापगढ़.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में प्रेम प्रसंग के चलते एक पूर्व प्रधान मुस्तका गुलशन की नृशंस हत्या कर दी गई। 18 मार्च से लापता मुस्तका गुलशन का शव बोरे में बंद नहर किनारे मिला। पुलिस ने आरोपी प्रेमिका सुमन को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। मुन्ना की दो पत्नियां और 18 बच्चे थे, लेकिन अफेयर के चक्कर में उसे जान से हाथ धोना पड़ा।

# फिर पानी-पानी हुई दिल्ली
## पुरी में छाया कोहरा, उत्तराखंड में बर्फबारी



**सोमवार.एजेंसी।** गर्मी वाले मार्च के महीने में आज फिर दिल्ली, राजस्थान तथा उत्तरप्रदेश के कई इलाकों में बारिश ने मौसम को ठंडा कर दिया। देर रात से शुरू हुई बारिश सुबह तक जारी रही, जिससे दिल्ली, नोएडा, गाज़ियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे इलाकों में सड़कें गीली हो गईं और रूटीन यातायात में हल्की देरी देखने को मिली। उधर ओडिशा के पुरी में आज कोहरा छाया रहा, जबकि उत्तराखंड में बर्फबारी के कारण 4 फीट तक बर्फ जम गई।

## मणिपुर में फिर तनाव

**इम्फाल.एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में उस वक्त तनाव चरम पर पहुंच गया, जब उग्र युवाओं की एक भीड़ ने कुकी समाज के एक प्रमुख नेता के घर पर धावा बोलने की कोशिश की। स्थिति को बिगड़ता देख सुरक्षा बलों को प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल करना पड़ा।

## 'फरसा वाले बाबा' की मौत में 300 लोगों पर केस

**मथुरा.एजेंसी।** मथुरा में ट्रक की टक्कर से 'फरसा वाले बाबा' चंद्रशेखर दास की मौत के मामले में पुलिस ने 300 लोगों पर केस किया है और 20 को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। फरसा वाला बाबा के समर्थकों ने प्रदर्शन के दौरान जमकर पथराव किया था। फरसा वाला बाबा के समर्थक इस हादसे को पशु तस्करों की साजिश बता रहे हैं।

## बंगाल में हुमायूं कबीर की पार्टी से गठबंधन करेंगे ओवैसी

**कोलकाता.एजेंसी।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी हुमायूं कबीर की 'आम जनता उन्नयन पार्टी' के साथ मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। हुमायूं कबीर की पार्टी ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव में 182 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। इस गठबंधन में ओवैसी की पार्टी भी साझेदार होगी और लगभग 8 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार सकती है।


मशाल यात्रा
दिनांक : 23 मार्च सोमवार 2026
समय शाम 6 बजे से, स्थान- संत सेवालाल ब्रिज से
महाराणा प्रताप चौराहा, इन्दौर
आयोजक - संस्था संघमित्र एवं जागृत युवा संगठन
महापौर जी
हमारे प्रिय भाई
श्री मुकेश शर्मा
को अ.भा. नार्मदीय ब्राह्मण
महासभा में
महामंत्री बनने एवं
प्रफुल्ल शर्मा व
कपिल शर्मा को
उपाध्यक्ष बनने पर
हार्दिक शुभकामनायें
श्री प्रबल भार्गव
अध्यक्ष - अ.भा. नार्मदीय ब्राह्मण
महासभा युवा संगठन
श्री मुकेश शर्मा
महामंत्री - अ.भा. नार्मदीय ब्राह्मण महासभा
जे.पी. शर्मा
अरुण तिवारी
कपिल शर्मा
प्रफुल्ल शर्मा
बधाईकर्ता- अधिवक्ता प्रबल भार्गव मित्रमंडल

# चोइथराम अस्पताल के पास गैरेज में लगी आग

## अस्पताल से भी हुई आग बुझाने में मदद, डेंटिंग-पेंटिंग की दुकान में भी आग लगी तो पैनल की दुकान तक पहुंच गई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





माणिकबाग रोड स्थित चोइथराम अस्पताल के पास की दीवार से लगी एक गैरेज में आज सुबह आग लग गई। आग की लपटे उठी तो चोइथराम अस्पताल में भी तनाव की स्थिति बन गई, क्योंकि बड़ी संख्या में यहां भी मरीज भर्ती थे। इधर अस्पताल ने भी आग बुझाने में प्रारंभिक सहयोग किया। उधर फायर ब्रिगेड भी पहुंचती उसके पहले गैरेज की आग से उसमें रखी कार, मैजिक, ई-रिक्शा को भी नुकसान हो चुका था, उसके बाद यह आग डेंटिंग-पेंटिंग के गैरेज तक पहुंच गई जहां भी वाहनों में नुकसान हुआ। समाचार लिखे जाने तक आग पर नियंत्रण की कोशिश की जा रही थी। यह आग आगे बढ़कर इलेक्ट्रानिक पैनल दुकान तक पहुंच गई। गैरेज किसी सिदिक का बताया गया। फायर ब्रिगेड आग बुझाने का काम समाचार लिखे जाने तक कर रहा है। इधर चद्दर काटकर भी फायर ब्रिगेड ने अंदर आग बुझाने का साहसिक काम किया। इधर इस जगह कुछ कमर्शियल गैस टंकी भी देखी गई जिसे बाहर निकाला गया।

## कल कांग्रेस की समीक्षा बैठक को लेकर तैयारियां

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सहप्रभारी, इंदौर कांग्रेस प्रभारी सहित अन्य की मौजूदगी में कल शहर कांग्रेस की समीक्षा बैठक सुबह 10.30 बजे से होगी। नए पदाधिकारी के अलावा मोर्चा, प्रकोष्ठ, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष और मंडलम प्रभारी मौजूद रहेंगे। इस आयोजन को लेकर शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। सभी को उपस्थित रहने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# सेनानी संगठन ने किया माल्यार्पण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



स्वतंत्रता संग्रमा सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने देश के वीर योद्धा शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया। शहीद हुए सुखदेव और राजगुरु को भी याद किया, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए और शहीद हुए। अजय नारायण सीतलानी, दिलीप राजपाल, मोहनसिंह चौहान, गम्मू कुरैशी, विजय पुणेकर, हरपाल सिंह, प्रितपाल सिंह, अवतारसिंह सैनी, रविंद्र सिंह होरा, धर्मजीतसिंह छाबड़ा, राधेश्याम गुप्ता, महेंद्र जैन, महेश शर्मा, सुधा भंडारी, सतीश कर्णिक, अब्दुल गफ्फार खान मौजूद थे।



## शहीद भगत सिंह को याद किया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देश के वीर योद्धा और आजादी का अलख जगाने वाले शहीद वीर भगत सिंह की प्रतिमा राजमोहल्ला पर आज उन्हें याद किया और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शंकर लालवानी, पुष्यमित्र भार्गव, सुदर्शन गुप्ता, शुभम गुप्ता, कंचन गिदवानी, कपिल शर्मा, पंकज फतेहचंदानी, रमेश खत्री सहित अन्य मौजूद थे। कल शाम भी सिख समाजजनों की संस्था ने श्रद्धासुमन का कार्यक्रम आयोजित किया था।

# महापौर निकलवा रहे हैं आज शाम मशाल यात्रा

### शहीद दिवस पर वीर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को किया जाएगा याद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आज शहीद दिवस के अवसर पर देश के वीर रहे भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की स्मृति में मशाल यात्रा आज शाम 6 बजे महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में फूटी कोठी चौराहा से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौराहा तक निकाली जाएगी। इस आयोजन में बडी संख्या में युवा और महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है। कई सामाजिक संस्थाएं और प्रबुद्ध गणमान्य भी मौजूद रहेंगे। शाम को हाथों में मशाल और भगवा ध्वज लेकर सभी देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में शामिल होंगे। इसके लिए अलग-अलग टोलियां बनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाजपा के कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता के अलावा आम लोग भी शामिल होंगे। यात्रा मार्ग को सजाया जा रहा है। आज सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भगतसिंह प्रतिमा पर पहुंचे और दुग्धाभिषेक कर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। आज शाम की मशाल यात्रा के लिए पूरे मार्ग पर कई स्वागत मंच लगे है। इस यात्रा का सीधा-सीधा उद्देश्य शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट करना है और महत्वपूर्ण बात यह है कि युवाओं में देशभक्ति की भावना जाग्रत करना है। यात्रा का समन्वय संस्था संघमित्र से प्रबल भार्गव, मुकेश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा सहित जाग्रत युवा संगठन में करेगा।

## सोशल मीडिया को मजबूत करेगा राजीव विकास केन्द्र

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव एवं नितिश भारद्वाज ने बताया कि कांग्रेस की मजबूती के लिए अब कांग्रेस डिजिटल रूप से मजबूत होगी। बूथ स्तर पर एआई और सोशल मीडिया का मजबूत नेटवर्क बनाया जाएगा। आगामी नगर निगम चुनाव में एआई और सोशल मीडिया के माध्यम से नगर निगम के टैक्स और खाली प्लाटों पर लिए जा रहे टैक्स एवं भ्रष्टाचार के मुद्दे भी उठाए जाएंगे। जल्द ही इसके विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी।

## अशोक अग्रवाल अग्रसेन महासभा का चुनाव जीते

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्रवाल महासभा के प्रतिष्ठापूर्ण उपाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार आमने-सामने थे और कल इस महत्वपूर्ण चुनाव के लिए पूर्व अध्यक्ष राजेश बंसल ने जमकर ताकत लगाई और कई उद्योगपतियों से लेकर पूंजीपतियों को भी वोट डालने के लिए लाया गया और आखिरकार राजेश बंसल के समर्थक अशोक अग्रवाल चुनाव जीत गए।

## हर दुकान पर अग्निशमन यंत्र अनिवार्य किया जाए

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नेता और केंद्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन नई दिल्ली के इंदौर संभाग प्रभारी डॉ. संतोष वाधवानी ने इंदौर कलेक्टर से मिलकर यह मांग की कि उनके द्वारा धारा 163 के अंतर्गत इंदौर के छोटी-छोटी एवं तंग गलियों में बसे बाजारों की दुकानों में अग्निशमन यंत्र को अनिवार्य किए जाने संबंधी आदेश जारी किए जाएं। छोटे बाजारों में फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी नहीं पहुंचती है और वहां व्यवस्थाएं भी नहीं होती है इससे आग लगने पर बड़ी जनहानि की संभावना बनी रहती है, इसलिए दुकानों पर भी अग्निकांड से बचने के लिए सुरक्षा उपकरण अनिवार्य किए जाए ताकि कोई बड़ा हादसा ना हो।

# विधायक और महापौर को निमंत्रण





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

माँ गणगौर मित्र मंडल शांति नगर उत्सव समिति द्वारा तीन दिवसीय महोत्सव आयोजन का निमंत्रण महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया को दिया गया। आज शाम भजन संध्या और कल 24 मार्च को भंडारा और 25 मार्च की शाम महोत्सव के समापन पर माताजी का चल समारोह निकलेगा। दिनेश रोकड़े, यशवंत धनगर, संतोष सावनेर, रवि सोलंकी, अजय चौहान, दीपक अंजले, धर्मेंद्र कुवाल, कान्हा जवाले, बबलू नागराज, संतोष चौहान, मनीष हनोतिया, मुकेश जारवाल, संतोष गोयल, कमलेश गोयल, सागर गवाने आयोजन से जुड़े हैं।

राजनीतिक खबरें देखें पेज 5 पर भी

# निगम करेगा आज से प्रशासन के साथ फायर सेफ्टी सर्वे शुरू

## जोन अनुसार पहले भी किया जा चुका है सर्वे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**जिला प्रशासन द्वारा अग्नि सुरक्षा को लेकर शहर में एक बार फिर फायर सेफ्टी सर्वे शुरू करने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 15 दिनों में पूरे शहर की तीन मंजिला से अधिक बड़ी इमारत का फायर सेफ्टी सर्वे पूरा किया जाए इसके लिए इंदौर नगर निगम की सहायता लेकर काम को बगैर किसी लापरवाही के समय सीमा में पूरा करें।**

**प्रशासन ने निगम से मांगी तीन मंजिला से अधिक ऊँचाई वाली इमारत की सूची**

इसके बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों ने नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा से सर्वे में सहयोग के लिए जोन अनुसार तीन मंजिला से अधिक ऊंची इमारत की सूची मांगी है इसके साथ ही नगर निगम फायर विभाग के अधिकारी एवं उप यांत्रियों को अलग-अलग दल में शामिल कर पूरे 22 जोन में सर्वे की शुरुआत आज से की जाएगी।

निगम से सबसे पहले ऐसे भवनों की सूची मांगी गई है जहां पर लोगों का अक्सर आना-जाना रहता है, प्रतिदिन लोगों की भीड़ जुटी रहती है ऐसे स्थानों को प्राथमिकता के साथ सर्वे में शामिल करने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा ऐसी कॉलोनी जहां पर संकरी सड़के बनी हुई है और इसमें तीन मंजिला से अधिक ऊंची इमारतें एवं भवन का निर्माण किया गया है। नगर निगम के फायर सेफ्टी विभाग के अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन की टीम के साथ नगर निगम का दल भी फायर सेफ्टी सर्वे के लिए एक साथ काम करेगा इसके लिए निगम की ओर से भवनों की सूची उपलब्ध करवाई जा रही है साथ ही बीते समय किसी ने इमारत का सर्वे किया गया था और फायर सेफ्टी सिस्टम काम कर रहे हैं या नहीं उसका भी रिव्यू किया जाएगा। रविवार को कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठक में सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जिन इमारत पर फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं है उन्हें एक सप्ताह का समय देकर अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जानी है अगर इसमें लापरवाही होती है तो इमारत को सील करने जैसी सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

नगर निगम के फायर सेफ्टी ऑफिसर विनोद मिश्रा ने बताया कि आवासीय एवं कमर्शियल अग्नि सुरक्षा के लिए अलग-अलग मानक निर्धारित है लेकिन इन मानकों का पालन किया जाना अति आवश्यक है। पिछले साल नवनीत प्लाजा जैसी कमर्शियल इमारत को सील करने की कार्रवाई की गई थी यदि इमारत पर फायर सेफ्टी सिस्टम पूर्णता मानक अनुसार नहीं लगाए जाते हैं तो शहर की अन्य इमारतें पर भी कार्रवाई की जाएगी। सर्वे में 300 से अधिक ऐसी इमारतें मिली थी जहां पर फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं था। वर्तमान में प्रशासन द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं उसमें आवासीय इमारत का सर्वे भी किया जाना है। बीते वर्ष लगभग 450 इमारतें ऐसी चिन्हित की गई थी जहां पर फायर सुरक्षा नहीं मिली थी। 15 साल पुरानी इमारत में वायरिंग सिस्टम की जांच के लिए भी नोटिस जारी किए जाएंगे यह सामने आया है कि पुराने वायरिंग सिस्टम के कारण शॉर्ट सर्किट होने की संभावना बनी रहती है।

# इंदौर का तापमान 33 डिग्री पर पहुंचा

## पिछले 24 घंटे में 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया तापमान, नागरिकों को महसूस होने लगी तेज गर्मी

**इंदौर। मौसम में लगातार आ रहा है बदलाव के चलते हुए इस समय इंदौर का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में ही यह तापमान 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। इसके चलते हुए नागरिकों को तेज गर्मी महसूस होना शुरू हो गई है।**

इस बार तो मार्च के महीने से ही गर्मी अपने तेवर दिखाई कोई नजर आने लगी है। स्थिति तेज गति के साथ बदल रही है। कभी अचानक हल्की बारिश हो जाती है तो कभी उमस होने लगती है और अब तेज गर्मी पढना शुरू हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार अब तक इंदौर का अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस चल रहा था। यह तापमान सामान्य तापमान से 6 डिग्री सेल्सियस कम था। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस चल रहा था। जो की सामान्य तापमान से 1 डिग्री सेल्सियस कम था। पिछले 24 घंटे में इस तापमान में बड़ा बदलाव हो गया है। अब इंदौर का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 18.2 डिग्री सेल्सियस हो गया है। इस तरह से अधिकतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ है। सुबह के समय का भी तापमान परिवर्तित हो रहा है। कल सुबह 8.30 बजे इंदौर का तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस था जो कि आज 25.4 डिग्री सेल्सियस हो गया। इस तरह से सुबह के तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ है। तापमान में आ रहे इस परिवर्तन के कारण नागरिकों को तेज गर्मी महसूस हो रही है। गर्मी से राहत पाने के लिए नागरिक इन दोनों एयर कंडीशनर, कूलर, पंखे पर निर्भर हो गए हैं।

# हेमू कालानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज सिंधी समाजजनों ने देश की आजादी आन्दोलन में जीवन न्यौछावर करने वाले शहीद हेमू कालानी को उनकी जयंती पर कलेक्टर तिराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शंकर लालवानी, पुष्पमित्र भार्गव, पंकज फतेहचंदानी,



जेपी मूलचंदानी, राजेन्द्र सचदेव, कंचन गिदवानी, गुलाब ठाकुर, हरीश डाबानी, खेमचंद शादीजा, नन्दलाल खतुरिया, नितिन सहजवानी, मनोज सीतलानी, रवि सीतलानी, द्रोपदी रिझवानी, श्रीचंद खत्री, अजय शिवानी सहित अन्य मौजूद थे।

# अब मुक्तिधाम के संचालन में भी निगम की लापरवाही

## रामबाग के बाद सयाजी के मुक्तिधाम से भी गायब हो गई अस्थियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा मुक्ति धाम के संचालन में भी अब लापरवाही की जा रही है। पहले तो रामबाग के मुक्तिधाम से अस्थियां गायब हुई थी। अब सयाजी होटल के पीछे बने मुक्तिधाम से भी अस्थियां गायब हो गई। दूसरी बार इसी तरह का मामला होने पर पुलिस थाने में शिकायत का निगम के जिम्मेदारों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है।**

अब तक तो इंदौर नगर निगम के द्वारा विकास कार्यों को क्रियान्वित करने और निगम के कार्यालय की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को आकार देने में ही लापरवाही की जा रही थी। अब यह सिलसिला बढ़कर मुक्तिधाम तक पहुंच गया है। रामबाग के मुक्तिधाम में 22 अगस्त को हंगामा मचा था। वहां पर एक परिवार के द्वारा अपने परिवार के सदस्य की मृत्यु होने पर उसका अंतिम संस्कार किया गया था। उन्हें मुक्तिधाम से टोकन नंबर 13 मिला था। जब वे लोग अंतिम संस्कार किए जाने के तीसरे दिन अस्थियां संग्रहित करने के लिए पहुंचे तो मालूम पड़ा की संबंधित व्यक्ति की अस्थियां तो कोई और ले गया है। इस समय पर यह हकीकत सामने आई थी की एक ही टोकन नंबर 13 मुक्ति धाम से 3 लोगों को दे दिया गया था। इस मामले में शोर मचने के बाद भी निगम के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इसका परिणाम यह हुआ कि रविवार के दिन सयाजी होटल के पीछे स्थित मुक्तिधाम से भी अस्थियां गायब हो गई। वहां पर पहुंचे निपानिया निवासी आनंद खोट के पिता का 19 मार्च को निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार इस शमशान घाट पर किया गया। मुक्तिधाम के कर्मचारियों के द्वारा उन्हें टोकन नंबर 12 दिया गया था। जब रविवार को परिवार के सदस्य अस्थी संग्रहित करने के लिए पहुंचे तो वहां पर अस्थियां नहीं मिली। इस मामले को लेकर हंगामा हुआ लेकिन कोई जवाब देने के लिए तैयार नहीं था। परिवार के सदस्यों के द्वारा इस स्थिति की शिकायत महापौर पुष्यमित्र भार्गव से भी की गई और पुलिस थाना विजयनगर में जाकर लिखित शिकायत दे दी गई।

# महिला सफाईकर्मी की गिरने से मौत...पोछा लगाते समय हुआ हादसा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



**लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक बंगले में साफ-सफाई का काम कर रही महिला दूसरी मंजिल से अचानक नीचे गिर गई और उसके सिर में गंभीर चोट लगने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया। मामले की जांच शुरू कर दी है।**

मृतका की पहचान लाड़कीबाई पति कन्हैया (32) निवासी निपानिया कांकड़ के रूप में हुई है। वह क्षेत्र के ही एक बंगले में घरेलू कामकाज और साफ-सफाई करने गई थी। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर जब वह दूसरी मंजिल पर पोछा लगा रही थी तभी अचानक पैर फिसलने या संतुलन बिगड़ने के कारण वह सीधे नीचे जा गिरी। ऊंचाई से गिरने के कारण उसके सिर में गहरी चोट आई जो जानलेवा साबित हुई। लाड़कीबाई का पति नर्सरी में काम कर अपनी आजीविका चलाता है और उनके तीन बच्चे राजकुमार, संजना और संध्या है।

# शहर में होटल-रेस्टोरेंट को गैस सप्लाई का आज फैसला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। शहर में होटल और रेस्टोरेंट को कमर्शियल गैस की सप्लाई शुरू करने के बारे में आज फैसला लिया जाएगा। केंद्र सरकार के द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि इन्हें 20 प्रतिशत गैस का सप्लाई शुरू कर दिया जाए। केंद्र सरकार के इस निर्देश पर आज क्रियान्वयन किया जाएगा।**

**केंद्र सरकार के द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करने की करेंगे कोशिश**

जब से इरान इसराइल और अमेरिका के बीच में युद्ध शुरू हुआ है तब से तेज गति के साथ पूरे देश में ही गैस का संकट पैदा होना शुरू हुआ। यह संकट जितना पैदा नहीं हुआ उससे ज्यादा इस संकट को लेकर अफवाह फैलने लगी। यही कारण है कि नागरिकों के द्वारा अपनी आवश्यकता से ज्यादा गैस का भंडारण किया जाने लगा। नागरिकों को यह आशंका सता रही थी कि कहीं समय पर गैस नहीं मिली तो उन्हें बेवजह समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

एक तरफ जहां घरेलू गैस की आपूर्ति को सुगम करने की कोशिश की जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ होटल रेस्टोरेंट हॉस्टल भोजनालय में भी गैस की आपूर्ति चुनौती बनी हुई है। कल भी होटल रेस्टोरेंट के मालिकों के द्वारा राज्य सरकार के नुमाइंदों के समक्ष अपना प्रेजेंटेशन देते हुए गैस की किल्लत की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। इसके बाद सरकार की ओर से इन संस्थानों को गैस की आपूर्ति करने पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

ऐसा समझा जाता है कि आज से इंदौर में होटल और रेस्टोरेंट को गैस की आपूर्ति करने के बारे में नीति का निर्धारण कर देश का सप्लाई शुरू कर दिया जाएगा। ज्ञात रहे की गैस नहीं मिल पाने के कारण इन संस्थाओं को व्यापार चलाना मुश्किल हो रहा है ऐसी स्थिति में बहुत सारे स्थान पर तो हाथ की भट्टी से खाद्य पदार्थों के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह एक वैकल्पिक व्यवस्था है लेकिन उसके कारण प्रदूषण बढ़ता है इस कारण से इस व्यवस्था को प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता है। वैसे भी नगर निगम के द्वारा हाथ भट्टी कोयला के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# एयरपोर्ट विभाग पुलिस विभाग के निर्माण पर भी आपत्ति ले -कांग्रेस

## श्रीकृष्ण नगर, कान्यकुब्ज नगर, अंम्बिकापुरी एक्सटेंशन को भी अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने केन्द्रीय उड्डयन मंत्री और एयरपोर्ट डायरेक्टर को पत्र लिखकर मामला उठाया कि एयरपोर्ट विभाग भेदभाव कर रहा है। द्विवेदी ने कहा कि दावा किया जा रहा है कि पुराने एयरपोर्ट टर्मिनल भवन से भी जल्दी वापस फ्लाईट उड़ान भरेंगी और जल्द उद्घाटन भी होगा। द्विवेदी ने कहा कि श्रीकृष्ण नगर कालोनी के वैध होने के मुद्दे पर एयरपोर्ट विभाग आपत्ति लेता है कि खसरा नंबर 157/2 के कुल रकबा 0.032 हैक्टेयर पर उसका अवार्ड पारित है 1981-82 में संस्था रकम भी ले चुकी है पर कब्जा नहीं दे रही, कब्जा दे तो अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करें। इसी कारण श्रीकृष्ण नगर वैध नहीं हो पा रही है। वही कान्यकुब्ज नगर के दो खसरे की जमीन 0.081 एवं 0.081 आरे भी अवार्ड पारित है पर कब्जा नहीं है तो अम्बिकापुरी एक्सटेंशन के खसरा नंबर 353/2 रकबा 0.506 आरे छोटा बांगड़दा का भी अवार्ड पारित है।

इन सभी खसरे जो ग्राम सिरपुर एवं छोटा बांगड़दा के है की दूरी जनशक्ति नगर जिसका खसरा नंबर 156/1 रकबा 4.56 एकड से दूर है तो एयरपोर्ट थाने से भी दूर, तो सवाल यह कि इन्हें एयरपोर्ट विभाग ने अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया है कि नहीं और अगर किया है तो फिर सवाल जब अब पुराने एयरपोर्ट टर्मिनल भवन पर से फिर फ्लाईटे उड़ान भरेंगी तो क्या फनल क्षेत्रों में लाईटों की आवश्यकता नहीं होगी, फनल क्षेत्रों की ना तो दिशा बदलती है ना लंबाई-चौड़ाई, जब एयरपोर्ट टर्मिनल भवन पुराना शुरू होने जा रहा है तो फिर समीक्षा बैठक आहूत हो, फनल क्षेत्रों की जद नापी जाए और यह भी तय किया जाए कि श्रीकृष्ण नगर, कान्यकुब्ज नगर, अम्बिकापुरी एक्सटेंशन की भूमि की आवश्यकता नहीं है तथा कानूनन वापस नहीं लिया जा सकता अतः एयरपोर्ट अपना दावा खत्म करें। अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करके नागरिकों को रियायत दे। द्विवेदी ने कहा कि एयरपोर्ट विभाग का दोहरा मापदंड है पुलिस के निर्माण और जनशक्ति नगर पर आपत्ति नहीं ली जाती है, बाकी पर आपत्ति ले रखी है।

## गजेन्द्र वर्मा की माता के निधन पर जताया नकुल नाथ ने शोक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कमलनाथ के पुराने समर्थक प्रदेश के पूर्व महामंत्री गजेन्द्र वर्मा की माताजी का विगत दिनों निधन हुआ था। इन्दौर प्रवास के दौरान नकुल नाथ ने गजेन्द्र वर्मा के निवास पर पहुंचकर उनकी माता के चित्र पर श्रद्धांजलि दी और अपने समर्थक गजेन्द्र वर्मा से माता के निधन पर शोक भी जताया। नकुल नाथ ने गजेन्द्र वर्मा से कहा कि उन्हें कमलनाथजी ने कहा कि सबसे पहले गजेन्द्रजी वर्मा के यहां जाना और और मैं सबसे पहले आपके यहां आया हूं।









## नकुल नाथ का किया कांग्रेसियों ने स्वागत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री विनय बाकलीवाल के रतलाम कोठी निवास पर पूर्व सांसद नकुल नाथ पहुंचे तो उनका विनय बाकलीवाल और समर्थकों ने जोशिला स्वागत किया, फूलमालाओं से नाथ को लाद दिया गया। इस दौरान विनय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, धर्मेन्द गेंदर, जैनेश झांझरी, दीपक मलोरिया रानू सहित अन्य मौजूद रहे। नवनियुक्त कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग ने नवरात्रि पर माता का दुपट्टा नाथ को सम्मान स्वरुप पहनाया। वहीं शहर कांग्रेस के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सत्यनारायण सलवाड़िया ने भी नकुल नाथ का स्वागत किया। कमलनाथ के पुराने समर्थक प्रेम खड़ायता के निवास पर भी नकुल नाथ पहुंचे। पूरे खड़ायता परिवार ने नाथ की अगवानी कर स्वागत किया।

# नकुल नाथ ने कसा गैस टंकी पर तंज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे पूर्व सांसद नकुल नाथ कल इन्दौर आए और उन्होंने गजेन्द्र वर्मा, प्रवेश अग्रवाल के निवास पर शिरकत की और उसके बाद प्रदेश कांग्रेस महामंत्री विनय बाकलीवाल के निवास पर पहुंचे, वहां मीडिया से उन्होंने चर्चा की और कहा कि भाजपा ने गैस टंकी 450 रु. में देने की बात कही थी और अभी गैस सिलेण्डर अगर मिल भी रहे है तो क्या भाव में मिल रहे है। नाथ ने यह भी कहा कि इन्दौर में मेट्रो और छिंदवाडा में एयरपोर्ट के निर्माण की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के समय की सरकार ने की थी। इन्दौर की मेट्रो और छिंदवाडा का एयरपोर्ट कांग्रेस सरकार की देन है।




मीडिया से चर्चा के दौरान विनय बाकलीवाल और सन्नी राजपाल भी मौजूद रहे।

## छठी सूची मंडलम अध्यक्षों की जारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने मंडलम अध्यक्षों की छठी सूची महू और राऊ विधानसभा की जारी की। महू महात्मा गांधी में अजय वर्मा, इंदिरा गांधी में मोहन अग्रवाल, मौलाना अबुल कलाम आजाद में मो. इस्लामुद्दीन खान, लालबहादुर शास्त्री में कमल केथवास, भगौरा में अशोक आंजना, राऊ विधानसभा के नैनोद में संजय सिसोदिया, सिंहासा में अजय शर्मा, रंगवाना में विक्रम सिंह ठाकुर, मनोज सुले में मनोज चौधरी, काशीराम मुकाती में आशुतोष पारशर बनाए गए हैं।

## सर्वजातिय सामुहिक विवाह सम्मेलन होगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विधानसभा 3 में सर्वजातिय सामूहिक विवाह सम्मेलन 15 अप्रैल की सुबह 9 बजे से गांधी हाल में होगा। आयोजन से गोलू शुक्ला जुड़े हुए हैं।

## प्रवेश अग्रवाल के परिजनों के बीच मौजूद रहे नाथ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व सांसद नकुल नाथ ने कल इन्दौर आकर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री प्रवेश अग्रवाल के निवास विजय नगर पहुंचकर परिजनों के बीच प्रवेश अग्रवाल के निधन पर शोक जताया। इस दौरान नवनियुक्ति कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग मौजूद रहे।





## सिंधु सेना में रिझवानी बने प्रदेश मंत्री



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश सिंधु सेना युवा शाखा में प्रदेश मंत्री मनीष रिझवानी की नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष देवानंद फेरवानी ने की। नियुक्ति पर रिझवानी को बधाई भी दी गई और फेरवानी का आभार भी विशाल गिदवानी, राहुल सचदेवा, संजय पठेजा, हितेश दियालानी, अश्विन हरवानी सहित अन्य ने माना।

## विधायक-पार्षद और भाजपाई रहे सौगात में मौजूद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा तीन के वार्ड 59 शिव मंदिर के समीप सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद डॉ. रुपाली पेंढारकर एवं भाजपाई और रहवासी सहित अमर पेंढारकर, शिव पाल, संजय कौशिक,सोहन जोशी,निखिल खानविलकर, बबलू राठौर,रोहित रोजेसकर,सोनू आगवने,मनोज परंजिया, राजू कसेरा,मुकेश जायसवाल, सत्येंद्र होल्कर,धवल मोरे,आवेश राठौर,शरद भट्ट,सात्विक पेठनकर,नीरज जैन,जयंत पांचाल मौजूद थे।

## भाजपा किसान मोर्चा का आज से सेवा सप्ताह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश के साथ इंदौर में भी किसान सेवा सप्ताह आज से मना रहा है। इन 7 दिनों में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। आज मंडियों में इस अभियान की शुरूआत की गई, जो कल भी जारी रहेगी। किसानों के लिए प्याऊ, स्वास्थ्य परीक्षण सहित अन्य कार्य अलग-अलग जिलों की मंडियों में होंगे। 25 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन पर किसानों का सम्मान होगा।

## छत्तीसगढ़ से आए मंत्री डॉ. सलीम राज का इस्तकबाल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** छत्तीसगढ़ जिला वक़्फ़ बोर्ड के चेयरमैन कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. सलीम राज इंदौर जिला हज कमेटी के उपाध्यक्ष रेहान अंसारी के निवास रानीपुरा ईद मिलन अवसर पर



पहुंचे तो उनका इस्तकबाल किया गया। सभी ने साथ में शीरखुरमा से मुँह मीठा किया। रेहान अंसारी, शायर तजदीद साकी आसिफ, शादाब अंसारी, सलमान अंसारी, इमरान अंसारी, अज्जू अंसारी, अज़हर अंसारी मौजूद रहे।



# नागर नारी प्रतिभा आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नागर ब्राह्मण महिला परिषद द्वारा 'नागर नारी प्रतिभा' का आयोजन प्रीतमलाल दुआ सभागृह में जल संरक्षण का संकल्प लेकर किया। दिव्या मंडलोई, ऋषिना नातू, रेखा पण्डित ने कार्यक्रम की शुरूआत की। निझीरी वासवाड़ा ने प्रस्तुति दी। वीणा मेहता, भानुप्रिय नागर, साक्षी मेहता, सुनीता दवे ने प्रस्तुतियां दीं। हर्षिता दवे, दृष्टि रावल, गोरांगी मेहता का सम्मान किया।

# मुकेश शर्मा नार्मदीय ब्राह्मण महासभा में बने महामंत्री

## प्रफुल्ल शर्मा और कपिल शर्मा को भी मिली जिम्मेदारी





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. नार्मदीय ब्राह्मण महासभा में मुकेश शर्मा को महामंत्री और प्रफुल्ल शर्मा और कपिल शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया है। महासभा युवा संगठन के अध्यक्ष प्रबल भार्गव, जेपी शर्मा, अरुण तिवारी सहित समाजजनों ने बधाई दी है।




# गिरी गाय को नाला से बाहर निकाला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बीती रात एक गाय पश्चिम क्षेत्र के पंचकुइया नाला में गिर गई थी, जिसकी जानकारी द्वारका जिला गौरक्षा समिति के दीपेश पाल और भगतसिंह प्रखंड के शुभम वर्मा को दी गई। दोनों के साथ टोली भी पहुंचे और गाय को सुरक्षित बाहर निकाला।

# कल बिजासन माता दरबार में रही भक्तों की भीड़

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बड़ी नवरात्रि पर माँ की आराधना हो रही है इस चैत्र नवरात्रि की गर्मी में भी माँ के भक्त अपनी माता के दर्शन के लिए माँ के मंदिर पहुंच रहे हैं। कल सभी माता मंदिरों में आस्था की दरकार भीड़ के रूप में नजर आई। नौ देवियों के शक्तिपीठ बिजासन माता मंदिर टेकरी पर कल अलसुबह से लेकर दोपहर तक भीड़ थी और शाम से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के रूप में कतारबद्ध होकर नजर आई। यही स्थिति अन्नपूर्णा मंदिर की रही, जहां तीन देवियों के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे थे। हर माता मंदिर पर कल भीड़ थी क्योंकि इस नवरात्रि में एक ही रविवार कल आया था।





# गुरव समाजजन रहे मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गुरव समाज निमाड़ पंचायत, पूर्वी क्षेत्र द्वारा पारंपरिक गणगौर महोत्सव मनाया गया। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां इसर-गौरा की स्तुति के लिए मौजूद रहीं।

# फूलमाली समाज आज शाम निकालेगा जुलूस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री सकलपंच फूलमाली समाज द्वारा आज सोमवार की शाम 4 बजे आनंद मंगल परिसर, चितावद से गणगौर महोत्सव में जुलूस निकाला जाएगा। आयोजन से राजाराम बुढ़ाना, रमेश मौर्य, मांगीलाल चौहान, दिलीप सिसौदिया, पारस बुढ़ाना, सुनील जांगड़े, मनोज पवार, आनंद पवार, नरसिंह पवार, राकेश दौर, अशोक दौर, अनुराग पवार, संतोष पवार, पीयूष पिपलोदिया, रजत पवार, हिमांशु जांगड़े, आकाश पावर, अजय पिपलोदिया, हर्ष दौर, नागेश पवार जुड़े है

# अपलोड करने में वाधवानी प्रथम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अधिवक्ता पंकज वाधवानी कानूनी जागरूकता संबंधी रोज एक वीडियो यूट्यूब चैनल पर निःशुल्क अपलोड करते है। छह वर्षों में अभी तक 5000 से ज्यादा वीडियो लेक्चर रोजमर्रा के जीवन में आने वाली कानूनी दिक्कतों एवं उनके समाधान को लेकर जारी कर चुके हैं। कई क्षेत्रों से वाधवानी के पास समस्या हल करने के लिए फोन भी आते है, वे निशुल्क कानूनी सलाह देते है। 5 वर्षों में 4 लाख से ज्यादा फॉलोवर भी हो चुके है। वाधवानी को इस क़ानूनी जागरूकता अपलोड करने के मामले में प्रदेशभर में प्रथम माना जा रहा है।

# सखी संगठन ने निकाला ईसर-गौरा का बाना



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सखी संगठन क्लर्क कालोनी ने इस साल भी गणगौर बाना निकालने की परम्परा बैंड-बाजा के साथ जारी रखी। सोलह श्रृंगार के साथ मातृशक्तियां माता पार्वती और भोलेनाथ की भक्ति के लिए नजर आई। गणगौर गीतों पर नृत्य भी किया गया। जगह-जगह स्वागत भी हुआ। मारवाड़ी नृत्य की प्रस्तुति भी हुई। शिव-पार्वती के रूप में भी प्रस्तुति दी गई। स्वाति मालानी, सीमा गदीया, हर्षिता नेहा भट्टड़, प्रीति अग्रवाल, शिल्पा बंसल, शीतल शर्मा, प्रियंका शिल्पी बंसल आयोजन से जुड़ी रही।

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लवकुश विहार सब्जी मंडी स्थित गार्डन में सर्विस सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। 300 लोगों ने परामर्श लिया। उक्त जानकारी प्रवीण देव, प्रसन्ना पिल्लई ने दी।



# भगवान बाहुबली का हुआ अभिषेक

**इंदौर( सिटी ब्लास्ट )।** गोम्मटगिरि स्थित भगवान बाहुबली दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र पर भगवान बाहुबली की 21 फीट ऊंची प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक किया और ध्वज भी फहराया गया। इस दौरान मुनि आदित्य सागर म. सा के प्रवचन भी हुए। प्रिंसपाल टोंग्या, अरुण बाकलीवाल ने बताया कि विनय बाकलीवाल, आनंद गोधा का सम्मान किया गया।



# जैन समाजजन रहे स्वास्थ्य शिविर में मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री तिलकेश्वर पार्श्वनाथ सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य शिविर तिलक नगर में आयोजित किया गया। मुकेश जैन, विजय ओसवाल, देवेन्द्र जैन, सौरभ कोठारी ने बताया कि डॉ. विपिन शर्मा और डॉ. वैभव शुक्ला ने सेवाएं दी। 29 मार्च को फिर स्वास्थ्य शिविर लगेगा।



# भारतीय सेना में धर्मगुरु बनने पर तिवारी का सम्मान



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

ग्राम सनावदिया के युवा महेंद्र तिवारी का चयन भारतीय सेना में 'धर्मगुरु' के रूप में हुआ। इस पर ग्रामीणों ने तिवारी का सम्मान किया।




## बहाई अध्यात्मिक सभा ने किया आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बहाई स्थानीय आध्यात्मिक सभा द्वारा बहाई नववर्ष नव-रोज़ का उत्सव बहाई सदन में मनाया गया। सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रखने के साथ प्रार्थना भी की गई। प्रार्थना सभा में समाजजनों की मौजूदगी रही। अलग-अलग भाषाओं में प्रार्थना प्रस्तुत की गई। नृत्य, नाटक, गीत प्रस्तुत किए गए।

# हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आर्य समाज संचार नगर एवं गुरु विरजानन्द वैदिक ट्रस्ट के तत्वावधान में हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन के आयोजन में सामान्य के अलावा विधवा, विधुर, तलाकशुदा, अधिक आयु के,दिव्यांग आदि लगभग 250 प्रत्याशियों ने अपना परिचय मंच से दिया। स्मारिका भी दी गई। बलराज सबलोक, डां.आचार्य भानु प्रताप वेदालंकार,कैलाश योगी, महर्षि दयानंद सरस्वती, कैलाश खंडेलवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# जैन ग्रुप सखी का शपथ ग्रहण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन सोशल ग्रुप सखी के नए पदाधिकारियों का शपथ विधि आयोजित किया गया। आगामी कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा हुई। नई अध्यक्ष सपना छाजेड का सम्मान भी किया गया। सपना बांठिया, प्रकृति सुराणा, अनिता गुगलिया, शेफाली मेहता, सपना सकलेचा, रीना पाटिल, सारिका मेहता, रीना पंकज छाजेड़, प्रियंका भंडारी, गीता भंसाली, सविता पोरवाल, सुशीला पोरवाल, प्रभा दलाल, बबिता जैन, वंदना जैन, पूजा जैन, प्रीति जैन, सुनंदा बोड़ाना, कल्पना बाबेल, इंदु जैन मौजूद थी। सुनीता छजलानी, सपना सकलेचा, डॉ. पिंकी टोपीवाला, डॉ. सीमा विजयवर्गीय अतिथि थे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भरता के गुर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था सफलता एक प्रयास द्वारा महिलाएं आत्मनिर्भर कैसे बने, अपने लक्ष्य को कैसे हासिल करे, अपने स्वास्थ को कैसे ठीक रखें महिलाओं को ट्रेनिंग दी गई। अर्जुन नायक ने यह जानकारी दी।






# गुरु आस्था परिवार की बैठक में जैन समाजजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार की प्रथम मीटिंग दिगंबर जैन मंदिर गुमास्ता नगर में हुई। महावीर जन्मोत्सव को लेकर चर्चा की गई। समाज के लोगों को संस्था से जोडना भी लक्ष्य रखा गया। पदाधिकारी भी बनाए जाएंगे। पूर्व पार्षद पवन जैन, सुधीर लुहाडिया, गौरव पाटोदी, संजय बड़जात्या, प्रतिपाल टोंग्या, साधना दगडे, सुनीता सेठी, राजेश कानूनगो सहित अन्य मौजूद थे।

# बाना निकाला गया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

गणगौर पर्व पर प्रजापत नगर में वर्मा परिवार की तीसरी पीढ़ी द्वारा परंपरागत बाना निकाला गया। गणगौर गीतों पर नृत्य भी किया गया। जगह-जगह स्वागत भी हुआ। सौलह श्रृंगार में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा मे शामिल हुई। दूल्हा-दुल्हन भी बने। नंदिनी वर्मा, शिया वर्मा ने नृत्य की प्रस्तुति दी। मीना वर्मा, किरण वर्मा, सपना, अंजलि, लीना ने अपनी भूमिका निभाई।

# मंत्रों के साथ हवन में आहुतियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आनंदधाम उज्जैन रोड पर विवेक महाराज के सान्निध्य में नवरात्रि में कल दुर्गा बीज मंत्र हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां प्रदान की। मां दुर्गा के 32 विशिष्ट बीज मंत्र से 108 भक्तों के द्वारा दुर्गा बीज मंत्र हवन का आयोजन किया गया। सिद्धार्थ बर्वे, अंकुश झंवर, प्रवीण नागर ने अपनी भूमिका निभाई।





## आद्य गौड़ ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने किया उद्यापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास का गणगौर उत्सव मातृशक्तियों ने किया। उद्यापन का आयोजन भी हुआ, बाना भी निकाला गया, गणगौर गीत पर नृत्य भी किया गया। भारती शर्मा, रश्मि शर्मा, अध्यक्ष पिंकी शर्मा, उपाध्यक्ष गीता व्यास, यामिनी नायक, महामंत्री पूर्णिमा शर्मा, मंत्री स्वाति शर्मा, जया शर्मा, सुमित्रा शर्मा, दीपा शर्मा, रंजना शर्मा, आरती शर्मा, प्रीति पंडित, अनिता भंडारी, प्रीति शर्मा मौजूद थी।

## आर्य समाज ने स्थापना दिवस पर दी प्रस्तुति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आर्य समाज के स्थापना दिवस पर अम्बेडकर नगरी महू में कविता पाठ और भजनों की प्रस्तुति का आयोजन किया गया। राधेश्याम आर्य, उमेश राव, दिलीप आर्य, द्रोणाचार्य दुबे, रामलाल प्रजापति, सुनीति आर्य, रुद्र आर्य, धीरेन्द्र जोशी, राधेश्याम गोयल, प्रकाश आर्य ने अपनी भूमिका निभाई।

# तळी भंडार और प्रसादी का वितरण




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

'येळकोट येळकोट जय मल्हार ग्रुप' द्वारा कल रविवार को मल्हारी मार्तण्ड मंदिर स्कीम 78 विजय नगर क्षेत्र में तळी भंडार और प्रसाद वितरण का आयोजन किया। नितीन सुर्वे, आसाराम मनचरे, बबनराव आवटे, रामदास भोगाडे, बाबासाहेब म्हात्रे, कैलाश बाहुले व सावले बंधू मौजूद थे।

## तिवारी आकाशवाणी पर आएंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर के कवि लेखक एवं प्रांतीय पत्र लेखक मंच के अध्यक्ष दिनेश तिवारी उपवन आगामी 25 मार्च को आकाशवाणी इंदौर के खेती गृहस्थी कार्यक्रम में रात्रि 7:20 से 8 बजे के मध्य अपनी ओजस्वी कविताओं का वाचन करेंगे।




## विश्व जल दिवस पर हस्ताक्षर अभियान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट ने विश्व जल दिवस पर ''जल बचाओ, जीवन बचाओ, जल बचाओ, भविष्य बचाओ'' के नारे के साथ जल संरक्षण संवर्धन हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाकर संकल्प दिलाया गया। प्रकाश मानावत, इंदू श्रीवास्तव, लक्ष्मी राठौर,कमला ताई, लीना मालवीय, कंचन मानावत, मोना वाघमारे, नितेश तिवारी, एहसान अली, कमल सोनी मौजूद थे।

# मंगल कॉलोनी के लोगों को मिलेगी नए बगीचे की सौगात

## 45 लाख से ज्यादा खर्चकर होगा सालों बाद क्षेत्र में नए गार्डन का निर्माण



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** जोन क्रमांक 18 के अंतर्गत स्थित शासकीय अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय के पास स्थित साईं मंगल कॉलोनी के एकमात्र गार्डन में अब निगम लाखों रुपए खर्चकर यहां क्षेत्र के रहवासियों के लिए नवीन बगीचे का निर्माण करेगा। जिसके तहत कालोनी में सालों से बगीचा निर्माण के लिए खाली पड़ी भूमि पर अब आने वाले दिनों में निगम 45 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर यहां लोगों के लिए सर्व सुविधा युक्त नवीन गार्डन का निर्माण करेगा। जहां आसपास के रहवासियों को सुबह-शाम घूमने के लिए लंबा-चौड़ा पाथवे मिलेगा। साथ ही नए गार्डन में योजना के तहत सौंदर्यकरण और हरियाली के कामों के साथ बच्चों के खेलने का अलग से स्थान होगा।

### आसपास के रहवासियों को घर के पास मिलेंगी घूमने की सुविधा

बड़ी बात यह है कि शासकीय आर्टस एंड कामर्स कालेज के पास स्थित साईं मंगल कालोनी सहित आसपास के रहवासी परिवारों को लंबे समय बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से नए बगीचे की सौगात मिलेगी। जिसके लिए निगम द्वारा पिछले दिनों लोगों की मांग पर सालों से उजाड़ खाली जमीन पर रहवासियों के लिए गार्डन निर्माण की फाइल को मंजूरी दी गई। जिसके बाद अब लोगों को उम्मीद जगी है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द इन्हें अपने घर के नजदीक शानदार बगीचे की सौगात मिलने वाली है।

### महिलाओं के लिए पार्क में होगी शानदार बैठक व्यवस्था

बगीचा निर्माण के अंतर्गत इस नए बगीचे में सीनियर सिटीजन और महिलाओं के लिए वाकिंग ट्रेक के साथ शानदार बैठक व्यवस्था होगी। खूबसूरत पेड़-पौधों के बीच हरियाली और सुंदरता के लिए कई आवश्यक कार्य किए जाएंगे। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखने के लिए विधायक के सहयोग से आधुनिक जिम के उपकरण की सौगात भी मिलेंगी। नए गार्डन में रोशनी के लिए नई लाइटिंग लगाने के साथ बच्चों के खेलने के लिए गार्डन में अलग स्थान होगा। जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए फिसल पट्टी झूले-चकरी के साथ खेल के नए आधुनिक उपकरण मिलेंगे। जहां एक जगह बड़ों से लेकर युवा और बच्चें तक सुकून के साथ परिवार सहित आनंद ले सकेंगे।

# कुलकर्णी नगर के सालों पुराने सरकारी स्कूल की बदलेंगी सूरत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा दो के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 24 में स्थित शासकीय अंबेडकर स्कूल भवन के नवनिर्माण और नवीनीकरण योजना के तहत निगम द्वारा लगभग एक करोड़ 23 लाख से ज्यादा खर्च कर यहां छात्रों की सुविधा के लिए आने वाले दिनों में आधा दर्जन से ज्यादा नए क्लासरूम का निर्माण कर बच्चों को सुविधा देने की तैयारी है। इसके अलावा पुरानी इमारत को बारिश से पहले मरम्मत कर कई आवश्यक सिविल कार्य किए जाएंगे। यही नहीं सालों पुराने स्कूल भवन में नवीनीकरण कर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को कई आधुनिक सुविधाएं शिक्षा के अंतर्गत देने की तैयारी शुरू हो गई है।

**सवा करोड़ खर्चकर आधा दर्जन नवीन क्लासरूम निर्माण के साथ होगा प्रवेश द्वार तैयार**

### शासकीय स्कूल के बच्चे भी अब पढ़ेंगे स्मार्ट क्लास रूम में

वही खास बात यह है कि कुलकर्णी नगर क्षेत्र के गरीब मध्यम वर्ग की जरूरतमंद परिवार के बच्चे भी अब क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और निगम सहयोग से बनने वाले स्मार्ट क्लासरूम में आधुनिक शिक्षण सामग्री के साथ सरकारी स्कूल में भी आधुनिक संसाधनों के साथ स्मार्ट क्लास रूम में स्मार्ट प्रोजेक्टर की सहायता से आधुनिक सुविधाओं के साथ अपनी पढ़ाई कर सकेगे। जिसके लिए निगम ने अपनी ओर प्लानिंग कर नवनिर्माण और अन्य कार्यों के लिए अपनी ओर से तैयारी शुरू कर दी है। 5 से 6 नए क्लास रूम बनेंगे। भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण भी होगा। साथ ही मरम्मत कर पुरानी कक्षाओं में भी आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे।

# सिग्नल की टाइमिंग में गड़बड़ : दो से तीन बार में निकल पा रहे चालक

## एलआईजी-पाटनीपुरा सहित प्रमुख चौराहों पर वाहन चालकों को लंबे समय से आ रही परेशानी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** शहर में कई जगह ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग में गड़बड़ी है। जिसके चलते पिछले कई महीनों से शहर के प्रमुख चौराहों पर आए दिन बार - बार जाम की स्थिति पैदा हो रही है। जिसका सबसे बड़ा कारण कहीं टाइमिंग बहुत कम है महज 20 से 25 सेकंड मिलते है जिससे वाहन चालक एक बार में चौराहा नहीं पार कर पा रहें है। हालत यह है कि गर्मी में भी लोग दो से तीन बार में बड़ी मुश्किल से गाड़ियां इन चौराहों से निकल पा रही है। जिसके चलते यहां हमेशा भीड़-भाड़ रहती है।

**इन प्रमुख चौराहों पर सिग्नल टाइमिंग से हो रही है**



**वाहन चालकों को दिक्कत-** दरसअल शहर के इन प्रमुख चौराहों से रोज गुजरने वाले सैकड़ों लोगों की लगातार शिकायतें सामने आ रही है कि एलआईजी चौराहा, टावर चौराहा, पाटनीपुरा, शिवाजी वाटिका चौराहा, जीपीओ चौराहा, गीताभवन, पलासिया तिराहा, बंगाली चौराहा, पिपलियाहाना, खजराना, रोबोट चौराहा, रेडिसन, बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहा सहित दर्जनभर से ज्यादा ऐसे चौराहे है जहां ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग में गड़बड़ी है। जिसके कारण यहां सिग्नल पर खड़े वाहन चालकों को लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है। क्योंकि यहां रेड सिग्नल का टाइमिंग डेढ़ से दो मिनट कर रखा है जबकि ग्रीन सिग्नल का टाइमिंग महज 22 से 25 सेकंड का दिया गया है जिसके कारण बड़ी मुश्किल से लाइन में खड़ी पांच से 10 कारें या अन्य वाहन ही निकल पाते है, और दोबारा सिग्नल रेड हो जाता है। ऐसे में दिक्कत यह है कि इन चौराहों को पार करने में वाहन चालकों को 5 से 10 मिनिट तक भी लग रहें है।

# सिंधी कॉलोनी-खातीवाला टैंक सहित आधा दर्जन कॉलोनी के आसपास होंगे सजाने-संवारने के कई काम

**सुंदरता और खूबसूरती के लिए होंगे आवश्यक सिविल कार्य**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** वार्ड क्रमांक 65 के अंतर्गत आने वाले आवासीय क्षेत्र सिंधी कॉलोनी, खातीवाला टैंक, बैराठी कॉलोनी, साधु वासवानी नगर सहित अन्य कॉलोनी में बगीचों के आसपास कॉलोनी में खाली पड़े स्थान पर सौंदर्यकरण योजना के तहत कई काम एक साथ शुरू होंगे। जिनमें सजाने संवारने के कई काम एक साथ शुरू किए जाएंगे ताकि लोगों को सुविधा का लाभ मिले।

जिसके तहत आकर्षक पेवर्स ब्लॉक लगाए जाएंगे। जहां जैसी जरूरत वहां उस हिसाब से आवश्यक सिविल कार्य भी होंगे। यही नहीं रहवासी क्षेत्र में अधूरे पड़े बगीचों में पेड़-पौधे लगाने के साथ सौंदर्य करण के लिए अन्य कार्य किए जाएंगे। जिसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है। जो आने वाले दिनों में बेहद जल्द कई काम की शुरुआत के साथ नजर भी आएंगे।

## हवाई यात्रियों के लिए बड़ी राहत

# सरकार ने बदले यात्रा के लिए कई नियम, 60 फ़ीसदी सीटें कर दी फ्री

**इन्दौर।** इंडियन एयरलाइंस के नए नियमों के मुताबिक, एयरलाइंस को अपनी कम से कम 60% सीटें यात्रियों को मुफ्त में चुनने के लिए देनी होंगी। यानी अब सीट सिलेक्शन के लिए अतिरिक्त पैसे देने की मजबूरी काफी हद तक खत्म हो जाएगी। साथ ही एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे परिवारों और समूहों को अब अलग-अलग सीटों पर नहीं बैठाया जाएगा। एयरलाइंस को निर्देश दिया गया है कि ऐसे यात्रियों को जहां तक संभव हो, साथ में सीट दी जाए।

**पहले मिलेंगी पूरी जानकारी-** इसके अलावा, खेल इक्विपमेंट और म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स ले जाने को लेकर भी नियमों को आसान और पारदर्शी बनाया जा रहा है। अब यात्रियों को पहले से साफ जानकारी मिलेगी कि क्या और कैसे ले जाया जा सकता है। इसी तरह, पालतू जानवरों (पेट्स) के साथ यात्रा करने वालों के लिए भी एयरलाइंस को स्पष्ट और आसान नियम जारी करने होंगे।




सरकार ने एयरलाइंस को यह भी सख्त निर्देश दिए हैं कि फ्लाइट लेट होने, कैंसिल होने या ओवरबुकिंग की स्थिति में यात्रियों के अधिकारों का पूरा पालन किया जाए। अब एयरलाइंस को अपने वेबसाइट, मोबाइल ऐप, टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म और एयरपोर्ट काउंटर पर यात्रियों के अधिकार साफ-साफ दिखाने होंगे, ताकि किसी को भी जानकारी की कमी न हो। इतना ही नहीं, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन जानकारियों को क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। कुल मिलाकर, ये नए नियम हवाई यात्रा को ज्यादा पारदर्शी, सस्ती और यात्री-फ्रेंडली बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माने जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में यात्रियों का अनुभव बेहतर होने की उम्मीद है।

## संपादकीय

### होर्मुज जलडमरूमध्य संकट: ईरान-अमेरिका टकराव के बीच भारत पर महंगाई का खतरा क्यों बढ़ा

भारत के सामने जो हालात पैदा हो रहे हैं, उसमें सरकार को हर स्तर पर कूटनीतिक पहल करके कच्चे तेल और रसोई गैस की आपूर्ति का रास्ता तैयार करने को प्राथमिकता देने की जरूरत है। पश्चिम एशिया में ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद दिनोंदिन हालात जटिल होते जा रहे हैं। साफ है कि युद्ध का प्रत्यक्ष असर भले ही हमले की जद में आए देशों में पड़ रहा हो, लेकिन इसकी वजह से अब दूसरे वैसे देश भी प्रभावित होने लगे हैं, जो अपनी कई जरूरतों के लिए मध्यपूर्व के देशों पर कम या ज्यादा निर्भर हैं। उदाहरण के तौर पर ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से उस रास्ते से तेल और गैस लेकर जाने वाले लगभग सभी देशों के जहाजों का भी रास्ता बंद है। कुछ खास स्थितियों में आंशिक इजाजत दी जा रही है, लेकिन उसके सहारे आने वाले दिनों के व्यापक संकट को लंबे समय तक नहीं टाला जा सकता है। तेल और गैस की आपूर्ति में भारी कमी की वजह से उपजे मुश्किल से निपटने के लिए भारत ने रूस सहित अन्य विकल्पों की ओर रुख किया है, मगर इससे स्थितियों को सामान्य बनाने में सीमित मदद ही मिलेगी। यह बेवजह नहीं है कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच भारत में भी शुक्रवार को उच्च श्रेणी के पेट्रोल में करीब दो रुपए और औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को बेचे जाने वाले डीजल में बाईस रुपए की बढ़ोतरी की गई। मसलन, अगर भारी उद्योगों और बड़ी मशीनों के संचालन में इस्तेमाल में आने वाले औद्योगिक डीजल की कीमतों में खासी बढ़ोतरी हुई है, तो इसका सीधा प्रभाव उत्पादन की लागत पर पड़ेगा। ऐसे में जब औद्योगिक कंपनियों के मुनाफे में कमी आएगी, तो स्वाभाविक रूप से इसके असर से कई अन्य सामान महंगे हो सकते हैं। रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होने के कारण लोगों को पहले ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में आम उपयोग के पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी होती है, तो यह कोई हैरानी की बात नहीं होगी। इसके बाद इसका असर माल ढुलाई पर पड़ेगा और बाजार में खाने-पीने की चीजों की महंगाई भी बढ़ सकती है। दरअसल, भारत अपनी जरूरत के कच्चे तेल और गैस के लिए खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति पर काफी हद तक निर्भर है। जब से ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध की शुरुआत हुई है, उसके बाद भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में वहां से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। एक ओर प्रभावित देशों की ओर से यह उम्मीद की जा रही है कि किसी भी हाल में वार्ता के जरिए समस्या का हल निकाला जाए और युद्ध रुके, ताकि प्रभावित देशों में स्थिति और ज्यादा न बिगड़े। दूसरी ओर, हालत यह है कि अब युद्ध में शामिल दोनों पक्षों की ओर से बड़े पैमाने पर तेल ठिकानों को भी निशाना बनाया जाने लगा है और व्यापक तबाही सामने आ रही है। जाहिर है, इससे सीधे तौर पर मध्यपूर्व के देशों से अन्य देशों के लिए तेल और गैस की आपूर्ति ठप पड़ेगी तथा इससे संकट का दायरा और विस्तृत होगा। भारत के सामने जो हालात पैदा हो रहे हैं, उसमें सरकार को हर स्तर पर कूटनीतिक पहल करके कच्चे तेल और रसोई गैस की आपूर्ति का रास्ता तैयार करने को प्राथमिकता देने की जरूरत है। अगर इस मोर्चे पर टालमटोल का रुख अख्तियार किया गया, तो आने वाले दिनों में संकट का अंदाजा लगाया जा सकता है। किसी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक संसाधन, समुद्री मार्ग, पर्वत, रेगिस्तान और सीमाएं यह तय करती हैं कि वहां की राजनीति, सुरक्षा नीति और कूटनीति किस दिशा में विकसित होगी। दक्षिण-पश्चिम एशिया, दक्षिण-पूर्वी यूरोप और उत्तर-पूर्वी अफ्रीका तक विस्तारित मध्यपूर्व की कोई स्पष्ट और सर्वमान्य भौगोलिक सीमा नहीं है। भौगोलिक जटिलताओं से प्रभावित इस क्षेत्र में इतिहास, धर्म और बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों ने वैश्विक राजनीति को गहराई से प्रभावित किया है। ऊर्जा संसाधनों की प्रचुरता, सामरिक समुद्री मार्गों की उपस्थिति और महाशक्तियों के परस्पर हितों के टकराव ने मध्यपूर्व की राजनीतिक परिस्थितियों को और जटिल बना दिया है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| --- | --- |
| 140400 | 137500 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 220500 | 213600 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# सोशल मीडिया पर गुंडा और छेड़खानी का झूठा वीडियो डाल वसूले 50 हजार

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग व्यक्ति को सोशल मीडिया के जरिए बदनाम करने और बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर रकम वसूलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पड़ोसियों ने एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ मिलकर पीड़ित का चरित्र हनन करने वाला वीडियो वायरल कर दिया और चुप रहने के बदले रुपयों की मांग की। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, 51 वर्षीय पीड़ित का अपने पड़ोस

### पुरानी रंजिश में बनाया घिनौना प्लान

में रहने वाले पिंकी मौर्य और उदय मौर्य निवासी प्रिंस नगर से पुराना विवाद चल रहा है। करीब चार महीने पहले भी इनके बीच मारपीट हुई थी, जिसकी रिपोर्ट पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई थी। इसी रंजिश का बदला लेने के लिए आरोपियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने वाले अंकित परमार के साथ मिलकर एक साजिश रची।

पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने उसे बीजेपी का फर्जी नेता' क्षेत्र का गुंडा और लड़कियां छेड़ने वाला बताकर एक झूठा वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस वीडियो के कारण मोहल्ले और समाज में पीड़ित की भारी बदनामी हुई। बदनामी से डरे हुए पीड़ित को आरोपियों ने धमकी दी कि यदि उसने रुपये नहीं दिए, तो उसे बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसा दिया जाएगा। जल्द ही मामला और बिगड़ गया। बदनामी के डर से पीड़ित ने जैसे-तैसे इंतजाम कर पितृ पर्वत के पास जाकर आरोपी उदय मौर्य और अंकित परमार को 50,000 रुपये नकद दे दिए, लेकिन आरोपियों का लालच यहीं खत्म नहीं हुआ। रुपये लेने के बाद वे पीड़ित से और पैसों की मांग करने लगे और रुपये न देने पर नए वीडियो डालने और जेल भिजवाने की धमकी देने लगे, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी उदय मौर्य और अंकित परमार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# शराब पीने से टोकना पिता को पड़ा भारी

### कलयुगी बेटे ने मोगरी से सिर फोड़ा, बहू ने भी की मारपीट

**इन्दौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक पिता ने जब अपने बेटे को शराब पीकर घर न आने की नसीहत दी, तो बेटे ने पिता पर ही हमला कर दिया। इस विवाद में बहू ने भी ससुर का साथ देने के बजाय पति का साथ दिया और बुजुर्ग के साथ मारपीट की। पुलिस ने घायल पिता की शिकायत पर बेटे और बहू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, जवाहर टेकरी निवासी दिनेश पिता थावड तंवर (58) अपने घर के बाहर आंगन में बैठे थे। इसी दौरान उनका बेटा बादल शराब के नशे में धुत होकर घर पहुँचा। पिता ने उसे समझाते हुए कहा कि शराब पीकर घर मत आया कर।इतनी सी बात सुनते ही बादल भड़क गया और अपने पिता को गालियां देने लगा।जब दिनेश ने बेटे को गाली देने से मना किया, तो बादल घर के अंदर से लकड़ी की मोगरी उठा लाया और सीधे अपने पिता के सिर पर दे मारी। हमला यहीं नहीं रुका। आरोपी की पत्नी संगीता ने भी अपने ससुर के साथ हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट की।पीड़ित दिनेश के सिर, कंधे और हाथ समेत शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोटें आई हैं। मारपीट के बाद दोनों आरोपियों ने पीड़ित को डराया और धमकी दी कि अगर रिपोर्ट करने थाने गया, तो जान से खत्म कर देंगे।इसके बावजूद घायल पिता ने हिम्मत जुटाकर चंदन नगर थाने पहुँचकर पुलिस को आपबीती सुनाई।

# युवती से 6.20 लाख की ठगी, सायबर जालसाजों ने लगाया चूना

**इन्दौर।** विजय नगर थाना इलाके में एक युवती ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गई है। अज्ञात जालसाज ने अपनी पहचान छिपा कर युवती को अपने झांसे में लिया और छलपूर्वक उसके खाते से 6.20 लाख रुपये पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

विजय नगर पुलिस के अनुसार, पीड़ित युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि वह एक सोची-समझी ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुई है। अज्ञात आरोपी ने खुद की पहचान छुपाकर युवती से संपर्क साधा। आरोपी ने उसे कुछ ऐसे झांसे दिए कि युवती उसके बहकावे में आ गई और किश्तों में कुल 6,20,000 रुपये की राशि आरोपी द्वारा बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दी।जब युवती को अहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है और आरोपी ने अपनी पहचान गलत बताई थी, तब उसने पुलिस की शरण ली।

# लकड़ी उठाने की मामूली बात पर पिता और दो बेटों ने कुल्हाड़ी व डंडे से किया पड़ोसी परिवार पर हमला

**इन्दौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम दतोदा में लकड़ी उठाने जैसी मामूली बात को लेकर एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने मिलकर पड़ोसी महिला, उसके पति और बेटे पर कुल्हाड़ी की मूठ और डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल परिवार की शिकायत पर पिता और उसके दो बेटों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, लालघाटी दतोदा निवासी सुनीता बाई पति चैनसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पड़ोस में रहने वाले परसराम उर्फ परसिया पटेल और उसके दो बेटे महेन्द्र व किशोर पुरानी रंजिश और लकड़ी उठाने की बात को लेकर विवाद करने लगे। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और जब सुनीता बाई के परिवार ने विरोध किया, तो हमलावरों ने हथियार निकाल लिए।पीड़िता ने बताया कि आरोपी परसराम ने कुल्हाड़ी की मूठ से उसके बेटे रोहित के हाथ की भुजा पर वार किया, जिससे खून निकलने लगा। वहीं, दूसरे आरोपी महेन्द्र ने सुनीता के पति चैनसिंह की पीठ पर डंडे से जोरदार हमला किया। तीसरा आरोपी किशोर, सुनीता बाई के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगा।मारपीट के बाद आरोपियों ने पीड़ित परिवार को डराते हुए कहा कि आज के बाद पास में पड़ी लकड़ी उठाई, तो जान से खत्म कर देंगे।

# ज्यूस की दुकान के सामने खड़े होने से टोकने पर बुजुर्ग से मारपीट

**इंदौर सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद एक बुजुर्ग के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। अपनी दुकान के सामने से हटने के लिए टोकना एक बुजुर्ग को भारी पड़ गया, जिसके बाद आरोपी ने सुलभ कॉम्प्लेक्स के भीतर घुसकर उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, बी.के. सिंधी कॉलोनी निवासी विशनदास पिता अर्जुनदास उदासी (62) की क्षेत्र में ही ज्यूस की दुकान है। दोपहर के समय निखिल उर्फ नितेश थारानी निवासी वीर सावरकर नगर उनकी दुकान के ठीक सामने आकर खड़ा हो गया था। विशनदास ने उसे वहां से हटकर एक तरफ खड़े होने के लिए कहा, जिस पर दोनों के बीच हल्की कहासुनी हुई थी।पीड़ित विशनदास ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 3.30 बजे जब वे सिंधी कॉलोनी सब्जी मंडी स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स में बाथरूम करने गए थे, तभी वहां आरोपी निखिल उर्फ नितेश पहुँच गया। आरोपी ने बुजुर्ग को गालियां देना शुरू कर दिया। जब विशनदास ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी ने उन पर हमला कर दिया।आरोपी निखिल ने बुजुर्ग के साथ लात-घूंसों से जमकर मारपीट की, जिससे उनके दाहिने हाथ और सीने में काफी चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकला। घायल बुजुर्ग ने जूनी इंदौर थाने पहुँचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने आरोपी निखिल उर्फ नितेश थारानी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बीआरटीएस कॉरिडोर पर तोड़फोड़ का काम तेजी से जारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। खत्म किया जा चुके बीआरटीएस कॉरिडोर में नगर निगम के द्वारा तोड़फोड़ का काम तेज गति के साथ जारी है। नगर निगम के द्वारा दिए गए ठेके के आधार पर ठेकेदार के द्वारा इस कॉरिडोर में बने हुए बस स्टॉप और रोड डिवाइडर को तोड़ने का काम किया जा रहा है।

राज्य सरकार के द्वारा 13 महीने पहले बीआरटीएस इंदौर के कॉरिडोर को हटाने का फैसला लिया गया था। 1 साल से अधिक का समय हो जाने के बावजूद अभी तक नगर निगम इस कॉरिडोर को तोड़ने का काम भी पूरा नहीं कर सका है। बार-बार ठेकेदार के द्वारा ठेका लेने और काम छोड़कर भाग जाने की कहानी दोहराई जाती रही। अब नगर निगम के द्वारा किसी एक ठेकेदार को इस काम का ठेका देने के बजाय कई ठेकेदारों को जिम्मेदारी दी गई है।

निगम के द्वारा अपनाई गई इस नई व्यवस्था के तहत ठेकेदारों को अलग-अलग बस स्टॉप और अलग-अलग स्थान के डिवाइडर को तोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। इस जिम्मेदारी के आधार पर संबंधित ठेकेदारों के द्वारा तेज गति के साथ तोड़फोड़ का काम किया जा रहा है। नौलखा चौराहे पर बस स्टॉप तोड़ दिया गया है लेकिन उसका मलवा अभी पूरी तरह से नहीं उठ सका है। व्हाइट चर्च चौराहे पर बस स्टाप को तोड़ने का काम चल रहा है। इसी तरह से गीता भवन चौराहे पर भी बस स्टाप को तोड़ने का काम प्रगति पर है। निगम के द्वारा दिए गए ठेके के आधार पर ठेकेदार के द्वारा डिवाइडर को तोड़ने का काम भी गति के साथ किया जा रहा है। अभी नगर निगम यह कहने की स्थिति में नहीं है कि यह काम कब तक पूरा हो जाएगा लेकिन हां फिर भी निगम के अधिकारियों का मानना है कि अभी कम से कम 2 महीने का समय तो लगेगा।

काम अधूरा छोड़ दिया- होलकर कॉलेज के सामने बीआरटीएस कॉरिडोर में बनाए गए बस स्टाप को तोड़ने के काम को ठेकेदार के द्वारा शुरू करने के बाद अधूरा छोड़ दिया गया है। अभी तो ठेकेदार के मजदूर भी वहां पर काम करने के लिए नहीं आ रहे हैं। नगर निगम के अधिकारियों का इस स्थिति की तरफ ध्यान नहीं है। यही कारण है कि काम के नाम पर बेगार टालने का काम भी गति के साथ किया जा रहा है।

# शिवांश शर्मा और आरुष उलटफेर कर सेमीफाइनल में

## आर्य, अनय कृष्ण, अदवित, अर्णव, निश्चय भी जीते

इंदौर। अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दूसरी अंतर अकादमी बैडमिंटन स्पर्धा में 15वर्ष बालक एकल में आरुष आर्य और शिवांश शर्मा ने उलटफेर करते हुए, आर्य बम और अक्षत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

अनय कृष्ण बिंजु, आर्य बम, आर्जव मरघदे और हार्दिक धुलिये 17 वर्ष बालक एकल के सेमीफाइनल में हैं । अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी, खंडवा रोड में यह बैडमिंटन स्पर्धा तीन कोर्टस पर शुरु हुई । अदविक सोलंकी, निश्चय कुशवाह, प्रनमय तारे और जसराज सिंह छाबड़ा 11 वर्ष बालक एवं अर्णव गौर, अरिंजय कृष्ण बिंजु, अदविक सोलंकी और आरुष आर्य 13वर्ष बालक वर्ग के सेमीफाइनल में हैं । लीग मैचों में सरताज अकादमी के शिवांश शर्मा ने एरेना के अरिंजय कृष्ण बिंजु को 12-15, 15-10,15-10 से हराकर उलटफेर किया । फिर देर रात आरुष आर्य ने भी अरिंजय कृष्ण बिंजु को 13-15, 15-7,15-10 से हराया ।

अक्षत सिन्हा ने युवराज कल्याणे को 15-10,15-11 से और शिवांश शर्मा ने अमनसिंह तोमर को 15-2,15-8 से पराजित किया । 13वर्ष बालक वर्ग में जसराज सिंह छाबड़ा ने अथर्व चौधरी को 15-12,14-15,15-7 से और अरिंजय कृष्ण बिंजु ने अदविक सोलंकी को 12-15,15-7,15-10 से हराया। आरिशा जायसवाल ने 15वर्ष बालिका में नायशा पुरोहित को 15-8,15-7 से और 13वर्ष बालिका में ओमिशा मेहता ने मनरीत कौर बग्गा को 15-10,15-2 से हराया। 11वर्ष बालिका वर्ग में मायरा भुमार्कर ने दिवा गुलाटी को 15-11,15-8 से और किआरा दासगुप्ता ने आर्या यादव को 15-7,15-9 से पराजित किया, 9वर्ष वर्ग में काश्वी कुशवाह ने नयोनिका नरवाले को 15-9,15-9 से और अव्युक्त गुलहाति ने याशि भुमार्कर को 15-8,15-7 से हराया। दिव्या गुर्जर ने नायशा पुरोहित को 17 वर्ष बालिका वर्ग में 15-6,15-10 से हराया, 13वर्ष बालक एकल में पर्व उपाध्याय ने निश्चय कुशवाह को 15-10,15-12 से , अदविक सोलंकी ने जसराज सिंह छाबड़ा को15-6,15-14 से पराजित किया। 11 वर्ष बालक एकल में अदविक सोलंकी ने प्रनमय तारे को 15-3,15-7 से और जसराज ने आर्जव संघवी को 15-5, 15-14 से हराया,17 वर्ष बालक वर्ग में हार्दिक धुलिये ने पार्थ जायसवाल को 15-9,15-12 से, अनय कृष्ण बिंजु ने जपजोत को 15-0,15-2 से पराजित किया । सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक और स्पर्धा मुख्य निर्णायक धर्मेश यशलहा ने बताया कि मुकाबले लीग कम नाकआउट आधार पर हो रहे हैं, मुकाबले योनेक्स फेदर शटलकाक्स से खेले जा रहे हैं, पहले दिन देर रात तक मुकाबले हुए।



# पिछले सीजन 27 करोड़ लेकर रहे थे सुपर फ्लॉप, अब पंत बदलेंगे बल्लेबाजी क्रम



लखनऊ। भारत की टी20 टीम में वापसी करने की कवायद में लगे ऋषभ पंत 28 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के रूप में पंत के लिए यह सत्र निर्णायक साबित हो सकता है। उनके लिए काफी कुछ दांव पर लगा है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने 2025 की मेगा नीलामी में उन्हें रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा था। पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अगर पंत इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह भविष्य में भारत की टी20 योजनाओं का हिस्सा बन सकते हैं । पंत खेल के तीनों प्रारूप में से केवल भारतीय टेस्ट टीम के ही अभिन्न सदस्य हैं जबकि वनडे में वह केएल राहुल के बैकअप विकेटकीपर हैं।

इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने 2024 में भारत की विश्व कप जीत के बाद टी20 टीम में अपनी जगह गंवा दी थी। संजू सैमसन और ईशान किशन के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए टीम में वापसी करने के लिए उन्हें कुछ खास प्रदर्शन करना होगा, क्योंकि इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है।

इसलिए पंत के लिए आईपीएल का आगामी सत्र काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें वह अपनी कीमत को जायज ठहराने के अलावा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की भी कोशिश करेंगे। पंत ने पिछले सत्र में अधिकतर समय चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी लेकिन तब वह आखिर के कुछ मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उस समय तक हालांकि लखनऊ की वापसी की संभावना समाप्त हो गई थी।

पंत के तीसरे नंबर पर उतरने का मतलब होगा कि निकोलस पूरन को बल्लेबाजी क्रम में नीचे आना पड़ेगा। एलएसजी की टीम अभी लखनऊ में अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास कर रही है। उसका पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होगा। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और उनके सहयोगी स्टाफ अपने कप्तान के बल्लेबाजी क्रम को लेकर एकमत हैं।

टीम प्रबंधन और पंत दोनों इस बात से सहमत हैं कि उनके लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना उपयुक्त होगा। इस साल उनके शीर्ष क्रम में एडन मार्क्रम, मिचेल मार्श और पंत शामिल होंगे। पंत ने पिछले साल 133.17 के निराशाजनक स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और उन्होंने केवल 269 रन बनाए जिसमें नाबाद 118 रन की एक पारी भी शामिल है। लखनऊ की टीम के मध्य क्रम में पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद और शाहबाज अहमद शामिल हैं।

# डिप्रेशन की शिकार महिला ने जहर खाकर दी जान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। गांधीनगर थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। मृतका लंबे समय से मानसिक तनाव और डिप्रेशन से जूझ रही थीं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान सावित्री पति मांगीलाल (55), निवासी गांधीनगर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सावित्री पिछले काफी समय से मानसिक रूप से परेशान रहती थीं। उनके बच्चों की शादी समय पर न हो पाने के कारण वह गहरे तनाव में थीं। घर में इसी चिंता के चलते वह अक्सर गुमसुम रहती थीं और संभवतः इसी डिप्रेशन के कारण उन्होंने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों ने बताया कि जैसे ही सावित्री की हालत बिगड़ी उन्हें तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। गांधीनगर पुलिस अब इस मामले में परिजनों और आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर रही है ताकि घटना के पीछे की असली वजह और स्पष्ट हो सके।



# माथुर को याद किया

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व महाधिवक्ता आनन्द मोहन माथुर की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। यह आयोजन माथुर सभागृह में किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, वीएस कोकजे, प्रो. सरोज कुमार, डॉ. राजकुमार माथुर, डॉ. पूनम माथुर, कर्नल माथुर, निर्मल मिश्र, अभिनव घनोतकर, अतुल सेठ, डॉ. राहुल माथुर, वीणा श्रीवास्तव, प्रवीण जोशी, वीके गुप्ता उपस्थित थे।

# ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ खेलेगा पांच टेस्ट मैचों की सीरीज

नई दिल्ली। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को अपना 2026-27 का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जारी किया, जिसमें उसका कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए उसे जनवरी से मार्च तक भारत में होने वाली पांच टेस्ट मैच की सीरीज की प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले तैयारी के लिए बहुत कम समय मिलेगा। अगले साल भारत के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज पैट कमिंस की उम्रदराज टीम के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। उसको इसके लिए तैयारी का बहुत कम समय मिलेगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को दिसंबर और मार्च के बीच 14 सप्ताह के अंदर 10 टेस्ट मैच खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने घरेलू सत्र की शुरुआत अगस्त 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच से करेगा और इसका समापन मार्च 2027 में एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर खेले जाने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच से होगा। ऑस्ट्रेलिया की इस व्यस्त कार्यक्रम में भारत के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में असली परीक्षा होगी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का वह दौरा कमिंस, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन जैसे खिलाड़ियों के लिए आखरी चुनौती होगी क्योंकि उन्होंने अभी तक भारत में कभी कोई सीरीज नहीं जीती है।

**ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट कार्यक्रम इस प्रकार है:**
**अगस्त:** बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच (घरेलू मैदान पर) **अक्टूबर:** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैच (विदेश में) **दिसंबर-जनवरी:** न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैच (घरेलू मैदान पर) **जनवरी-मार्च:** भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच (विदेश में) **11-15 मार्च:** इंग्लैंड के खिलाफ 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट मैच (घरेलू मैदान पर) **जून:** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल (क्वालीफाई करने की स्थिति में जो इंग्लैंड में खेला जाएगा) **जून-अगस्त:** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच (विदेश में)।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शादी के पूर्व मेरा नाम **नेहा** था एवं जन्म दिनांक 11 अक्टूबर 1992 है, जबकि मेरा वास्तविक नाम **हीना सेंगर पति राजेश सेंगर** है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

**हीना सेंगर पति राजेश सेंगर पता-12/7 केसरबाई का बगीचा छावनी इन्दौर मध्यप्रदेश 452001**

# सीएसके ने दिया सुरेश रैना और मैथ्यू हेडन को बड़ा सम्मान

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को भारत के पूर्व हरफनमौला सुरेश रैना और ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को टीम के पहले 'हाल आफ फेम' में शामिल किया। यह घोषणा एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर टीम के प्रशंसकों के लिये विशेष कार्यक्रम रोअर 26 के दौरान की गई। रैना 2008 से 2021 तक चेन्नई टीम का हिस्सा थे। वह चार बार आईपीएल में चेन्नई की विजेता टीम (2010, 2011, 2018 और 2021)के सदस्य रहे। प्रशंसकों के बीच 'चिन्ना थाला' के नाम से मशहूर रैना 2010 और 2014 में चैम्पियंस लीग जीतने वाली चेन्नई टीम में भी थे और 2014 में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे थे। चेन्नई के लिये उन्होंने सर्वाधिक 5529 रन बनाये हैं, जिसमें दो शतक और 38 अर्धशतक शामिल हैं।

एमएस धोनी की गैरमौजूदगी में कुछ मौकों पर टीम की कप्तानी करने के अलावा, रैना ने सीएसके को दो



बार—2010 और 2014 में—चैंपियंस लीग टी-20 जिताने में भी अहम भूमिका निभाई। 2014 के सीजन में, उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' भी चुना गया था।

वहीं मैथ्यू हेडन 2008 से 2010 के बीच सीएसके का हिस्सा रहे और उन्होंने टीम की शुरुआती सफलताओं में अहम योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने 2010 में आईपीएल जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और इससे पहले 2009 के सीज़न में 572 रन बनाकर 'ऑरेंज कैप' भी अपने नाम की थी; ऐसा करने वाले वह एएख के पहले खिलाड़ी बने थे।

इस कार्यक्रम में सीएसके के कई पूर्व खिलाड़ी भी मौजूद थे, जिनमें मुथैया मुरलीधरन, अंबाती रायडू, लक्ष्मीपति बालाजी, एस बद्रीनाथ और माइकल हसी शामिल थे; इनकी मौजूदगी ने फ्रेंचाइजी के इस ऐतिहासिक मौके पर जश्न के माहौल को और भी खास बना दिया।

आईपीएल 2026 में सीएसके अपना पहला मैच सोमवार, 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी।

# हार्दिक चाहते हैं मुंबई इस साल छठा टाइटल जीते



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में हार्दिक पांड्या का असली गोल क्या है? मुंबई इंडियंस के कप्तान ने एमआई के इवेंट में इसके बारे में बताया है। वे चाहते हैं कि मुंबई इस साल अपना छठा टाइटल जीते। उनकी कप्तानी में टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने आईपीएल 2026 से पहले अपनी विशलिस्ट बता दी है। हार्दिक पांड्या की इच्छा है कि मुंबई इंडियंस अपना छठा टाइटल जीते। पांच बार इस टीम को रोहित शर्मा ने चैंपियन बनाया है, जबकि हार्दिक पांड्या पहली बार अपनी कप्तानी में टीम को चैंपियन बनाना चाहते हैं। हार्दिक पांड्या ये भी चाहते हैं कि उनकी विरासत जुनून और कड़ी मेहनत की हो। मुंबई इंडियंस के कप्तान ने रविवार को कहा, सबसे बड़ा सपना छठी बार आईपीएल जीतना है।

कप्तान हार्दिक ने आगे कहा, यह एक लेगेसी बनाने के बारे में है। मुंबई इंडियंस के पास पहले से ही एक जबरदस्त लेगेसी है, लेकिन मुझे अब भी याद है जब मैं नया था - पैशन, कड़ी मेहनत और कैसे टीम ने मेरा साथ दिया और मुझे आगे बढ़ने में मदद की। आगे बढ़ते हुए, मैं चाहता हूं कि वह कल्चर जारी रहे - जहां खिलाड़ी आगे आएं, कड़ी मेहनत करें और सबसे अच्छी तरह का क्रिकेट खेलें। मैं चाहता हूं कि हम मुंबई इंडियंस का अब तक का सबसे अच्छा क्रिकेट और मैंने अब तक का सबसे अच्छा क्रिकेट खेला है, उसे रिप्रेजेंट करें। यही लेगेसी मैं छोड़ना चाहता हूं - अपने लिए और फ्रेंचाइजी के लिए।

मुंबई इंडियंस ने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। 2013 में टीम को पहला खिताब मिला था। इसके बाद 2015, 2017, 2019 और 2020 में भी टीम चैंपियन बनी। पांड्या के नाम पांच आईपीएल खिताब हैं, जिनमें चार एमआई के साथ और एक 2022 में गुजरात टाइटन्स के साथ उन्होंने जीता है। रविवार को, पांड्या ने एमआई फैन जोन में प्रशंसकों के साथ बातचीत की, जिसे एमआईएक्स के रूप में जाना जाता है।

हाल ही में टी20 विश्व कप की विजेता बनी टीम में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की भी भूमिका थी। उस टीम के चार सदस्य एमआई का हिस्सा हैं, जिनमें कप्तान सूर्यकुमार यादव, पेसर जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा के साथ-साथ खुद हार्दिक पांड्या हैं। हार्दिक ने इंडिया वर्सेस इंग्लैंड सेमीफाइनल की भी बात की, जो मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया, जो कि एमआई का होम ग्राउंड है। हार्दिक ने कहा, वानखेड़े में इंडिया वर्सेस इंग्लैंड सेमीफाइनल के लिए हमने जैसा माहौल बनाया, वह जबरदस्त था। जब फैन्स इस तरह आपके साथ होते हैं, तो इससे पूरी टीम का हौसला बढ़ता है और मैं उनसे यही उम्मीद करता हूं। फैंस टीम की आवाज होते हैं। वे अच्छे और बुरे, दोनों समय में आपके साथ खड़े रहते हैं और श्ु पल्टन ने हमेशा यही किया है। उन्हें इस पर बहुत गर्व होना चाहिए।

# राष्ट्रीय कुराश स्पर्धा 27 से इंदौर में, आयोजन समिति गठित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मध्यप्रदेश कुराश संघ के अध्यक्ष विवेक स्वामी ने बताया कि 15वीं सीनियर राष्ट्रीय कुराश स्पर्धा 27 से 30 मार्च तक इंदौर के





मां कनकेश्वरी देवी विद्या विहार में होगी जिसके सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया । समिति मे अध्यक्ष का दायित्व रमेश मेंदोला को सौपा गया एवं आयोजन सचिव राहुल व्यास होंगे । विभिन्न समिति में विवेक स्वामी अध्यक्ष म.प्र कुराश संघ, उपाध्यक्ष कैलाश बाथम, कोषाध्यक्ष गोपाल पालीवाल, महेश पुरोहित, विक्रम डांगी, वैशाली तिवारी, हरीश टेलर, ब्रजेश धुरेंते, डॉ. ललित पानेरी, कुशाग्र व्यास, दीपक जाट, अमित रावल और उमेश प्रजापति, राहुल ठाकुर, श्रीफालके, जतिन प्रजापत, ध्रुव शर्मा, डॉक्टर नीरज सिंह, आवी बाथम, निष्ठा रायकवार, आरती विश्वकर्मा, चिन्मय परोहा, युग्वीर गोसर, दक्ष रायकवार, शशांक सिंह, महक अशर्मिया, नवेद हार्डिया, आदित्य सिंह चौहान, लक्षिका वर्मा, अयांश रघुवंशी, अथर्व फाल्के, अदिति पटेल, हिमांशु चौधरी, अनिल सकरोदिया ,ज्योति पवार , सूरज पवार शामिल है।

# शहर के चार खिलाड़ियों का खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए चयन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट









शहर के प्रतिष्ठित श्रीराम वेटलिफ्टिंग सेंटर के खिलाड़ियों ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्र के प्रतिभावान खिलाड़ी अखिलेश मंडलोई, तन्मय गौड़, किशन भूरिया और पृथ्वीराज चौहान का चयन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाले आगामी पहली खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता 25 से 30 मार्च तक आयोजित की जाएगी, जिसमें ये सभी खिलाड़ी वेटलिफ्टिंग में अपना दमखम दिखाएंगे। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर माननीय विधायक रमेश मेंदोला, सदाशिव जोशी, दिनेश पालीवाल, डॉ. शरद नागर, दविंदर सिंह खनूजा, विमल प्रजापत, नरेंद्र पाटीदार, शैलेन्द्र जोशी, धर्मेन्द्र पालीवाल, सुमित पालीवाल, मनीष पालीवाल, विकास जोशी, जितेन्द्र स्वामी एवं चिराग जोशी ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# मध्य प्रदेश पैरा लॉन बॉल्स टीम की घोषणा, इंदौर के भी खिलाड़ी शामिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

ऑल असम पैरा लॉन बाउल्स एसोसिएशन द्वारा गुवाहाटी में 25 से 28 मार्च तक आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता पैरा इंडियन लॉन बाउल्स फेडरेशन एवं पैरा ओलंपिक कमिटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है इस प्रतियोगिता में 16 राज्यों की टीम में हिस्सा ले रही है। पहली बार मध्य प्रदेश की पैरा लॉन बाउल्स की महिला व पुरुष दोनों वर्गों की टीम गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है मध्य प्रदेश टीम की घोषणा





मध्यप्रदेश पैरा लॉन बाउल्स के सचिव सूर्यदत्त जोशी ने की, टीम इस प्रकार है :- गोपाल पटवारी (महू) बी6, विजय वर्मा (महू) बी8, महेंद्र बंजारा (श्योपुर) बी7, तौसीफ (श्योपुर) बी8, संदीप सांखला (रतलाम) बी3, अजय यादव (इंदौर) बी7, पिंकी दुबे (इंदौर)बी6, दुर्गेशनंदिनी शेखावत (उज्जैन) बी8, करुणा चिल्हाटे (इंदौर) बी8, मीना बालोदिया (इंदौर) बी7, युवराज वर्मा (एस्कॉर्ट), कोच सक्षम प्रजापति। टीम को मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी, विनय यादव, मिथलेश केमरे ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाए दी।

# पीएसएल छोड़ने लगे विदेशी खिलाड़ी पीसीबी ने दी धमकी, लेंगे लीगल एक्शन

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने रविवार को उन इंटरनेशनल खिलाड़ियों के खिलाफ लीगल ऐक्शन लेने की धमकी दी है, जो पाकिस्तान सुपर लीग के आगामी सीजन के शुरू होने से ठीक पहले अपना नाम वापस ले रहे हैं। पाकिस्तान सुपर लीग का हिस्सा रहे कई विदेशी खिलाड़ियों ने इस महीने लीग से हटने का फैसला किया है और पीएसएल छोड़ने के कुछ दिन बाद आईपीएल से जुड़ गए हैं। रविवार को श्रीलंका के टी20 कप्तान दसुन शनाका ने आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा बने हैं, जिसके बाद इस मामले पर नकवी ने चुप्पी तोड़ी है। श्रीलंका के शनाका आईपीएल नीलामी में अनसोल्ड रहे थे, जिसके बाद पीएसएल में लाहौर कलंदर्स से जुड़े थे।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को कहा कि ईरान-अमेरिका -इस्राइल युद्ध के कारण क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पाकिस्तान सुपर लीग का पहला चरण दर्शकों के बिना होगा। इस साल दसुन शनाका पाकिस्तान सुपर लीग को छोड़कर आईपीएल में शामिल होने वाले दूसरे विदेशी खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी कोलकाता नाइट राइडर्स में शामिल हो गए थे।

ब्लेसिंग पाकिस्तान लीग में इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए खेलने वाले थे। पिछले साल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कॉर्बिन बॉश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की थी, जब उन्होंने मुंबई इंडियंस में शामिल होने के लिए आखिरी समय पर अपने पीएसएल कॉन्ट्रैक्ट से नाम वापस ले लिया था। रविवार को नकवी ने यह भी कहा कि पीसीबी का कानूनी विभाग उन क्रिकेटरों के मामले देख रहा है जिन्होंने आईपीएल खेलने के लिये पीएसएल अनुबंध रद्द किये।

# ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



बायपास पर घेराबंदी कर दबोचे गए आरोपी

शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत आजाद नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घेराबंदी कर दो शातिर तस्करों को दबोचा है, जिनके पास से लाखों रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक्टिवा जब्त की गई है। पकड़े गए आरोपियों में से एक पुराना हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस उपायुक्त (जोन-01) कृष्णा लालचंदानी एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह सफलता मिली। सहायक पुलिस आयुक्त रविन्द्र बिलवाल के निर्देश पर थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदौरिया की टीम सियागंज गृहनिर्माण संस्था बायपास क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक्टिवा पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हें टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर पकड़ लिया।जब पुलिस ने संदिग्धों की एक्टिवा एमपी-11 झेडएच 0256 की डिक्की की तलाशी ली, तो उसमें से 16 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने ड्रग्स और वाहन सहित कुल 2,60,000 रुपये का मालजब्त कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अभिषेक और मुकद्दर दोनों निवासी मूसाखेड़ीके रूप में हुई है।आजाद नगर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। खास बात यह है कि इस कार्रवाई के दौरान नवीन कानून के प्रावधानों के तहत ऑडियो-वीडियो साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया भी पूरी की गई है। जांच में सामने आया कि आरोपी मुकद्दर के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न थानों में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वे यह मादक पदार्थ कहाँ से लाए थे और शहर में किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई करने वाले थे।

# रेलवे पटरी के पास एक लाख की अफीम के साथ इंजीनियरिंग छात्र गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

जूनी इंदौर पुलिस ने घेराबंदी कर नीमच जिले के एक युवक को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि पकड़ा गया आरोपी इंदौर की एक प्रतिष्ठित निजी यूनिवर्सिटी से बी.टेक. कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस अब उसके नेटवर्क और ग्राहकों की तलाश में जुटी है।

एसीपी विजय चौधरी के मुताबिक थाना जूनी इंदौर पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि एक युवक भारी मात्रा में अफीम लेकर तस्करी के इरादे से क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने जॉनसन आइसक्रीम फैक्ट्री के पीछे, रेलवे पटरी के किनारे घेराबंदी की। संदिग्ध हालत में खड़े युवक को जब पुलिस ने हिरासत में लिया और उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 518 ग्राम अफीम बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई है।पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान गोविंद पाटीदार पिता बगदीराम निवासी ग्राम सेमली जागीर मनासा, जिला नीमच के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि गोविंद इंदौर के तेजाजी नगर स्थित जोशी कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर रहता है और बायपास स्थित सेज यूनिवर्सिटी में बी.टेक. कंप्यूटर साइंस थर्ड ईयर का छात्र है।आरोपी से हुई प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य भी सामने आया है कि उसके परिवार के पास नीमच में 14 बीघा कृषि भूमि है, जिसमें से 10 आरे क्षेत्र में अफीम की खेती करने का वैध सरकारी लाइसेंस भी है। पुलिस अब इस बिंदु पर जांच कर रही है कि क्या पकड़ी गई अफीम उसी लाइसेंसी फसल का हिस्सा है जिसे चोरी-छिपे इंदौर में खपाने के लिए लाया गया था।जूनी इंदौर पुलिस ने आरोपी गोविंद पाटीदार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।





# टेकरी पर चूड़ी दुकान में घुसा सांप

**इंदौर।** बिजासन माता के दरबार में कल नाग महाराज के भी श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। टेकरी पर कई दुकानें भी लगी हुई है। कल एक चूड़ी दुकान में सांप नजर आया तो हल्ला मच गया। मौके पर मौजूद पुलिस को इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने सांप का रेस्क्यू करने वाले को बुलाकर सांप को पकड़वाया। करीब 7 फीट लंबा सांप यह था।

## आधा दर्जन बदमाशों ने युवक के घर पर किया हमला, तोड़फोड़

**इंदौर।** महू थाना इलाके के लुनियापुरा क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवक के घर पर धावा बोल दिया। लाठी-डंडों से लैस होकर आए आरोपी हेमंत, अमन, अतुल, अनुराग, आर्यन और अप्पी ने फरियादी अंकुल वर्मा के घर की खिड़कियों के कांच फोड़ दिए और बाहर खड़े वाहनों को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। महू पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# घर के बाहर ऑटो में सोए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शुक्ला नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक रात में अपने घर के बाहर खड़े ऑटो में सोने गया था, लेकिन सुबह वह मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

मृतक की पहचान संजय पिता महादेव (35) निवासी शुक्ला नगर के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि संजय घर के बाहर खड़े ऑटो में सोने के लिए गया था, जब काफी देर तक उसमें कोई हलचल नहीं हुई तो परिजनों ने पास जाकर देखा तो संजय अचेत अवस्था में पड़ा था, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती तौर पर मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बाणगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## फेसबुक की दोस्ती ने उजाड़ी गृहस्थी...

# पति से अनबन के बाद बच्चों संग गई महिला को बनाया हवस का शिकार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए हुई दोस्ती के बाद एक महिला के साथ विश्वासघात और दरिंदगी का मामला सामने आया है। पति से विवाद के बाद मायके छोड़ने का झांसा देकर एक युवक महिला और उसके बच्चों को अपने साथ ले गया, लेकिन मदद के बजाय उसने महिला को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, 34 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी विनय कुमार पिता शिवजी भगत निवासी बनवारीपुर, बिहार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता की दोस्ती कुछ समय पहले फेसबुक के माध्यम से आरोपी विनय कुमार से हुई थी। पीड़िता का अपने पति से विवाद चल रहा था, जिसका फायदा उठाकर विनय ने उसे अपने झांसे में ले लिया। उसने पीड़िता से वादा किया कि वह उसे और उसके बच्चों को अपना लेगा और फिलहाल उसे सुरक्षित उसके मायके छोड़ देगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह विनय के बहकावे में आकर उसके साथ चली गई थी। लेकिन विनय उसे मायके ले जाने के बजाय अलग-अलग होटलों में ले गया। वहां उसने महिला और उसके मासूम बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी महिला के साथ आरोपी ने कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए और विरोध करने पर उसके साथ बर्बरता से मारपीट भी की।किसी तरह आरोपी के चंगुल से बचकर पीड़िता ने थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई।जिसके बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

# रिसॉर्ट में पकड़ाया डॉक्टर, नशे का इंजेक्शन देकर युवती से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग

## आरोपी के घर और क्लिनिक पर पथराव कर आगजनी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बड़गोंदा थाना क्षेत्र के पातालपानी स्थित एक रिसॉर्ट में रविवार को उस समय भारी हंगामा हो गया, जब हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक डॉक्टर को युवती के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। युवती का आरोप है कि डॉक्टर पिछले चार महीनों से नशीला इंजेक्शन देकर उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था और अश्लील तस्वीरों के जरिए उसे ब्लैकमेल कर रहा था। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी के घर और क्लिनिक पर पथराव कर आगजनी की, जिससे इलाके में तनाव फैल गया।

बड़गोंदा पुलिस के मुताबिक, पीड़िता करीब चार महीने पहले गुजरखेड़ा स्थित आरोपी डॉ. सईद खान के क्लिनिक पर इलाज कराने गई थी। पीड़िता का आरोप है कि वहां डॉक्टर ने उसे नशीला इंजेक्शन देकर बेहोश कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए। इन्हीं तस्वीरों के आधार पर वह पिछले कई महीनों से युवती को डरा-धमकाकर ब्लैकमेल कर रहा था।

रविवार को आरोपी ने युवती को ब्लैकमेल कर पातालपानी के बेलामोर रिसॉर्ट बुलाया था। इसकी भनक हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को लग गई। कार्यकर्ताओं ने रिसॉर्ट पहुँचकर घेराबंदी की और कमरे से आरोपी को युवती के साथ पकड़ लिया। मौके पर मौजूद भीड़ ने आरोपी की जमकर पिटाई की और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया।घटना की खबर फैलते ही देर शाम पीड़िता के परिजन और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने आम्बाचंदन स्थित आरोपी के घर पर धावा बोल दिया। वहां तोड़फोड़ करने के बाद घर में आग लगा दी गई। इसके बाद भीड़ गुजरखेड़ा स्थित उसके बंद क्लिनिक पर पहुँची और वहां भी पथराव किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उपद्रवियों को खदेड़ा।

### भारी पुलिस बल तैनात आरोपी हिरासत में

एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी डॉ. सईद खान के खिलाफ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग की धाराओं में केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। इलाके में व्याप्त तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।